

भारतीय सेना की एक टुकड़ी भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के छठे अभ्यास के लिए रवाना हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 53 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## एनएसओ इंडिया ने 'भारत में डेटासेट का संग्रह जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने भारत में डेटासेट और रजिस्ट्री का संग्रह, 2024 का नवीनतम संस्करण प्रकाशित किया है। यह डेटा की पहुंच को मजबूत करने के उद्देश्य से एक प्रमुख पहल है। राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली के चल रहे आधुनिकीकरण के हिस्से के रूप में यह संग्रह सुनिश्चित करता है कि नीति निर्माताओं, शोधकताओं, शिक्षाविदों, छात्रों, विश्लेषकों, व्यवसायों और आम जनता के लिए सरकारी डेटा आसानी से सुलभ हो। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार यह व्यापक संसाधन भारत सरकार के 40 मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त लगभग 270 डेटासेट और रजिस्ट्री के मेटाडेटा को समेकित करता है, जिसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास, पर्यटन, सामाजिक न्याय, बैंकिंग और अन्य जैसे क्षेत्र शामिल हैं।
संकलन उपयोगकताओं को सरकारी डेटासेट की उपलब्धता, दायरे और पहुंच को आसानी से तलाशने में सक्षम बनाता है।

# महाकुम्भ: 60 करोड़ श्रद्धालुओं ने फहराई सनातन की धर्म ध्वजा

- विश्व के आधे से ज्यादा सनातनियों ने लगाई त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी

**दिव्य-भव्य**

▶▶ दुनिया का पहला आयोजन जहां 60 करोड़ से अधिक सनातनी बने सबसे बड़े आयोजन के गवाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर :** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया है। यहां अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। 60 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मनुष्य के अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुम्भ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से संभव हो पाया है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

**दुनियाभर से आए सनातन धर्मावलंबी**

महाकुम्भ के महाआयोजन में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ (1.43 अरब) है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। इसके साथ ही पूरी दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों की संख्या 120 करोड़ है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना दुनिया भर के सनातनियों की संख्या से की जाए तो 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं।



### विभिन्न स्नान पर्वों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**अब** तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया।

### उम्मीदों के पार पहुंचा श्रद्धालुओं का आंकड़ा

**मां** गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया›

# पीएम 24 फरवरी को पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत 9.8 करोड़ से अधिक किसानों को 22,000 करोड़ से अधिक के प्रत्यक्ष हस्तांतरण का लाभ होगा। पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र योजना, जिसके तहत 6,000 रुपये प्रति किसान परिवार को वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
कृषि मंत्रालय की तरफ से शनिवार को बताया गया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के खातों में एक क्लिक के साथ हस्तांतरित की जाएगी। पीएम-किसान योजना के सफल कार्यान्वयन के छह साल पूरे हो गए हैं, जो देशभर के किसानों की वित्तीय सहायता को मजबूत कर रहा है। इस संबंध में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पशुपालन और डेयरी विभाग (एएच एंड डी), भारत सरकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार और बिहार सरकार के समन्वय से बिहार के भागलपुर में "किसान सम्मान समारोह" आयोजित किया जाएगा। पीएम-किसान की 18वीं किस्त जारी करते समय लगभग 9 करोड़ 60 लाख किसानों को किस्त जारी की गई।
कृषि मंत्रालय सक्रिय रूप से छूटे हुए सभी पात्र किसानों को जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है और इन प्रयासों के माध्यम से 19वीं किस्त प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या बढ़ गई है।




**सहायता**

▶▶ पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के खातों में एक क्लिक के साथ जाएगी

## लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 की योजना को मंजूरी दे दी है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल 2025 को सिविल सेवा दिवस 2025 के अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाएंगे। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अनुसार देशभर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को अभिस्वीकृत करने, मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

## पहले की सरकारों में भाई-भतीजावाद का था बोलबाला: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद का बोलबाला था। जिस क्षेत्र का सीएम होता था वहीं पर विकास कार्य होते थे और अन्य क्षेत्रों में विकास कोसों दूर था। भाजपा सरकार ने इस प्रथा को जड़ से खत्म करने का काम किया है। वर्तमान सरकार हर क्षेत्र का समान रूप से विकास सुलनिश्चित कर रही है। विकास का पहिया प्रदेश में चारों तरफ तेजी से चल रहा है। कोई भी क्षेत्र अब विकास से अछूता नहीं है। सड़कों का जाल बिछाने का काम किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री शनिवार को जिला अंबाला में बराड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम कर रही है। विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को उनकी योग्यता अनुरूप नौकरी मिली है। युवाओं का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।
उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसे हमें मिलकर पूरा करना है।
आज केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लोगों को मिल रहा है। लोगों का जीवन सुखमय हुआ है, उन्हें अब अपने कार्यों के लिए लाइनों में लगने की जरूरत नहीं है।

**कटाक्ष**

▶▶ सरकार समान रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है। विकास का पहिया प्रदेश में चारों तरफ तेजी से चल रहा

## शिवराज चौहान ने फ्लाइट की टूटी सीट पर बैठकर की यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केंद्रीय** ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान को आज एयर इंडिया की फ्लाइट में टूटी सीट पर बैठकर भोपाल से दिल्ली तक की यात्रा करनी पड़ी। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिये अपनी शिकायत साझा की, जिस पर एयर इंडिया ने खेद व्यक्त करते हुए ऐसे मामले में सीधा संवाद करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर लिखा कि आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एक436 में टिकट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था। जब मैंने विमान कर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पीएम आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

## कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: शिवराज चौहान




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के तीन दिवसीय "पूसा कृषि विज्ञान मेले " का उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, खेती की आत्मा किसान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए कृषि क्षेत्र में हम लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने आईसीएआर को बधाई देते हुए कहा कि आज जो किस्में दिखाई हैं, वो अपने आपमें बड़ी उपलब्धि है।
वैज्ञानिक दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है। इसमें उत्पादन बढ़ाना, अच्छे बीज तैयार करना, बीज किसानों तक पहुंचाना शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक, आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव, उप महानिदेशक डॉ. डी.के. यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान, कृषि वैज्ञानिक, कृषि उद्यमी, स्टार्टअप के प्रतिनिधि, खाद्य प्रसंस्करणकर्ता आदि उपस्थित रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री भागलपुर में किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खाते में राशि भेजेंगे। रविवार को वे बिहार में मखाना उत्पादकों के बीच जाएंगे, उनकी समस्याएं जानेंगे और समझेंगे।

**उद्घाटन**

▶▶ दिल्ली में तीन दिवसीय 'पूसा कृषि विज्ञान मेला 2025' का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

## सेना की टुकड़ी भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के लिए रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की एक टुकड़ी आज भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन के छठे अभ्यास के लिए रवाना हुई। यह सैन्य अभ्यास 24 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक जापान के पूर्वी फूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में होगा। धर्म गार्डियन सैन्य अभ्यास एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है, जो भारत और जापान में बारी-बारी से होता है। यह सैन्य अभ्यास पिछली बार फरवरी-मार्च 2024 में राजस्थान में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों के साथ-साथ अन्य सेनाओं की टुकड़ियों और सैन्य सहायता इकाइयों के सैनिक करेंगे।

## महाकुंभ के लिए 21 फरवरी तक 595 बसों का संचालन किया: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी जिलों से 21 फरवरी तक कुल 595 बसों का संचालन किया जा चुका है और सभी बसें श्रद्धालु यात्रियों से भरी जा रही हैं। इस व्यवस्था के तहत राज्य परिवहन विभाग को औसतन 43.85 की प्राप्ति हुई है। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा महाकुंभ जाने के लिए श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया था।

# केरल: आशा कार्यकर्ताओं को कई महीने से नहीं मिला मानधन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केरल में आशा कार्यकर्ताओं को कई महीने से मानधन नहीं देने के मामले पर भाजपा ने राज्य सरकार को जमकर घेरा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल के एंटनी ने केरल में डबल इंजन सरकार की वकालत करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ठप होने पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराया। एंटनी ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में जुटीं 26,000 आशा कार्यकर्ता, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के रूप में काम करती हैं, कई महीनों से मानधन नहीं मिलने को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। इन कार्यकर्ताओं को दो से छह महीने का मानधन नहीं मिला है। केंद्र सरकार पर फंड नहीं देने के आरोपों पर पलटवार करते हुए एंटनी ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज विभाग की नाकामयाबी से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार पर गलत आरोप लगा रही हैं। व्यय विभाग के व्यय योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य राजधानी के तहत विशेष सहायता के लिए नियमों का पालन करना होगा।

**आरोप**

▶▶ नाकामयाबी से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार पर गलत आरोप लगा रही: अनिल के एंटनी

**घनिष्ठ संबंध** मॉरीशस की नेशनल असेंबली में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने की घोषणा, सदस्यों ने मेज थपथपाकर जताई खुशी

# पीएम मोदी होंगे मॉरीशस के स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने नेशनल असेंबली में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वो मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्मानित अतिथि होंगे। यह हमारे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है। रामगुलाम की इस घोषणा पर नेशनल असेंबली के सदस्यों ने मेज थपथपाकर खुशी जताई। रामगुलाम ने शुक्रवार को कहा, "ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे और देश के लिए वास्तव में गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बेहद व्यस्त कार्यक्रम, पेरिस और संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी हालिया यात्राओं के बावजूद हमें यह सम्मान दिया है। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में मॉरीशस आने के लिए सहमत हो गए हैं।" उल्लेखनीय है कि मॉरीशस को 12 मार्च, 1968 को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता मिली थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 12 मार्च की यात्रा पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने कहा, ऐसे मौके पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना मॉरीशस के लिए एक सौभाग्य की बात है।

**राष्ट्रपति मुर्मू गई थीं पिछले साल**

पिछले साल मॉरीशस के 56वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति मुर्मु का सर शिवसागर रामगुलाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। मॉरीशस में रामगुलाम के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2024 के आम चुनाव में जीत हासिल की।

**गर्व की बात**

▶▶ "ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे और देश के लिए वास्तव में गर्व की बात है: रामगुलाम

# विधायक ने तीन गांवों में 284 बुजुर्गों व दिव्यंगों को सहायक उपकरण वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गुमड़, अहीर मजारा व गढ़ी केसरी में शुक्रवार को एल्मिको आसरा सोनीपत द्वारा बुजुर्गों दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलिम्को आसरा संचालक प्रवीन लांबा ने की। इस दौरान विधायक ने 284 बुजुर्गों को व्हीलचेयर, कान की मशीन व अन्य सामान वितरित किया। कादियान ने कहा कि जीवन सहायक उपकरण से वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगो की परिवार के अन्य सदस्यों पर उनकी निर्भरता कम होगी और बेहतर जीवन जीने का बुजुर्गों को अवसर मिलेगा। कादियान ने कहा कि



भाजपा की सरकार में सभी वर्गों का ख्याल किया जा रहा है। कादियान ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद दिव्यांग की मदद के लिए कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांग व्यक्ति को हर जरूरी सुविधा दी जाए, ताकि उनका जीवन यापन सही ढंग से हो सके। इसी के तहत सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। एलिम्को आसरा संचालक प्रवीन लांबा ने कहा कि उनका लक्ष्य दिव्यांग और बुर्जुग जनों के जीवन को सरल बनाने का है। क्षेत्र के हर जरूरतमंद दिव्यांग के घर पहुंचेंगे और उनकी मदद करेंगे। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, ब्लाक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, संदीप पहल, हैप्पी त्यागी, प्रवीन, धर्मराज पहलवान, गुरमेल सरपंच, संजीत, बाबूराम, संजय त्यागी, हरीश त्यागी, सुमित यादव, नितिन त्यागी आदि मौजूद रहे।

**वितरित किया**

**इस दौरान विधायक ने 284 बुजुर्गों को व्हीलचेयर, कान की मशीन व अन्य सामान वितरित किया**

## शाश्वत चेतना स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी केसरी स्थित शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने नृत्य, गायन और नाटक की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि प्रेमचंद शर्मा, एडवोकेट अशोक शर्मा, स्वामी चेतना स्कूल के प्राचार्या डिंपल शर्मा, प्रबंधक दर्शन शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा व उप प्रधानाचार्या डा. प्रीति शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए छात्रों की मेहनत की सराहना की।

इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि प्रेमचंद शर्मा ने छात्रों को भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या डा. प्रीति शर्मा ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों, अभिभावकों का आभार जताया।

## ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर

**नोएडाः** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात सेक्टर-145 और सेक्टर-146 के बीच एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार की टक्कर आगे चल रहे ट्रैक्टर से हो गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही सेक्टर 142 कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अश्वनी, पुत्र अनिल कुमार, पताः ई–60 / 359, झुग्गी सुंदर नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 192/2017, U/s 33 Delhi Ex. Act , पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अश्वनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अश्वनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अभियुक्त **अश्वनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी – 03
शाहदरा केकेडी कोर्ट, कोर्ट नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/2206/NE/2025**


# दहेज प्रताड़ना के मामले में आरोपित पति को भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव खिजरपुर अहीर माजरा में विवाहिता अन्नू ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित पति ब्रिजेश को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित ब्रिजेश को अदालत में पेश किया जहां अदालत के आदेश पर उसे जेल भेज दिया। बता दें कि गांव बिशनपुरा, जींद की रहने वाली 28 वर्षीय अन्नु की शादी 10 फरवरी 2023 को दिल्ली में सिपाही के पद पर कार्यरत अहीर माजरा निवासी बृजेश के साथ हुई थी। पिता सुनील कुमार के अनुसार शादी के बाद से ससुराल पक्ष उनकी बेटी को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे। 19 फरवरी को अन्नु ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। अन्नु के पिता ने इस मामले को दहेज हत्या बताते हुए पति बृजेश, सास बाला देवी, ससुर राज सिंह, बड़ी ननद रेनू और छोटी ननद के खिलाफ थाना गन्नौर में केस दर्ज करवा दिया था। जांच अधिकारी एएसआई जयबीर सिंह ने बताया जल्द ही बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिव स्तोत्र महायज्ञ से मिलता है मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक लाभ : राजेश स्वरुप

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर राजेश स्वरूप ने कहा कि शिव स्तोत्र महायज्ञ दिव्य वैदिक एवं तांत्रिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान शिव के स्तोत्रों का पाठ कर विशेष यज्ञ किया जा रहा है। यह यज्ञ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इसके मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक लाभ भी अद्वितीय हैं। यह यज्ञ विभिन्न दोषों के निवारण, सकारात्मक ऊर्जा के संचार और विश्व कल्याण के उद्देश्य से किया जाता है। सिद्ध पीठ तीर्थ सतकुंभा धाम पर हो



रहे 7वें सतकुंभा उत्सव में शिव स्तोत्र महायज्ञ के महात्मय पर राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि 20 से आरंभ महायज्ञ की 26 फरवरी को पूर्ण आहुति शिवरात्रि के दिन होगी। आचार्य विष्णु शर्मा डेराबस्सी पंजाब, आचार्य शिवम कौशिक करनाल से आए वेद पाठियों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण कर शिव स्तोत्र महायज्ञ करवाया। शुक्रवार को हुए महायज्ञ के मुख्य यजमान कृष्ण चंद्र शर्मा व उनकी धर्मपत्नी संयोगिता शर्मा रही। वेदों के ज्ञाता आचार्य अमन शर्मा, सूरज शास्त्री, बाबा सत्यवान स्वरुप महाराज, सुमित शास्त्री, सोमवीर शास्त्री, प्रवेश शास्त्री, बिलंदपुर से पंडित तेलूराम शर्मा महायज्ञ

**आध्यात्मिक**

**यह यज्ञ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, इसके मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक लाभ भी अद्वितीय हैं**


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीणा देवी पत्नी सरोज मुखिया** निवासी केक फैक्ट्री के पास दुलिया कॉलोनी, अलीपुर, दिल्ली, ने **FIR. No. 122/22 dt.01.02.2022 U/S 33 (1)A Delhi Excise Act.,** के अंतर्गत थानाः **अलीपुर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीणा देवी** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वीणा देवी** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 122/22 dt.01.02.2022 U/S 33 (1)A Delhi Excise Act.,** थानाः **अलीपुर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वीणा देवी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
रूबी नीरज कुमार, Ld. CJM, नॉर्थ
कमरा नंबर 115 पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2151/ON/2025**


# मां- बेटा को सिवाह गांव के पास ट्रक ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

**दर्दनाक मौत**

**उदेशीपुर गांव के मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उन्हें पास के निजी अस्पताल में ले जाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नेशनल हाईवे 44 जीटी रोड पर सिवाह गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण उदेशीपुर गांव के मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उन्हें पास के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी देते हुए उदेशीपुर गांव निवासी सन्नी ने बताया कि उसका चचेरा भाई संदीप (21) अपनी मां मुकेश (44) के साथ संदीप की मौसी के पास सिवाह गांव में उनसे मिलने के लिए गए थे। जब वे जाते हुए सुबह करीब 10 बजे जीटी रोड पर पानीपत पुलिस लाइन के सामने पहुंचे तो पीछे से टक्कर मारते हुए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।







**भिगान चौक के पास होटल में झूलो पर करता था नौकरी-** संदीप जी टी रोड पर भिगान चौक पर होटल में लगे बाहर झूलों को चलाने की नौकरी करता था। इसके साथ- साथ वह बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। संदीप परिवार का इकलौता वारिश था और घर में कमाने वाला भी इकलौता था। मृतक संदीप के पिता धर्मेंद्र की भी 18 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। संदीप की बड़ी बहन डिंपी की हसनपुर गन्नौर के गांव में शादी हो चुकी है।

**मां व भाई की मौत से बहन डिंपी के ऊपर टूटा पहाड़ -** तीन साल की उम्र में पिता को खोया, अब मां के साथ हुई भाई संदीप की मौत के बाद परिवार में अकेली रह गई मृतक संदीप की बहन डिंपी का रोरोकर बहुत ही बुरा हाल है। परिवार ने बहुत ही गरीबी में जीवन बिताया। अब परिवार में कमाने वाला संदीप ही था। परिवार उस पर ही निर्भर करता था। इसलिए उसने पढ़ाई के साथ साथ होटल में नौकरी शुरू की थी। संदीप पढाई के साथ सरकारी नौकरी की भी तैयारी कर रहा था।

# कंठी माता मंदिर के पास जल भराव की समस्या का नही हो रहा समाधान, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास पानी निकासी की समस्या से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। नगरपालिका ने इस समस्या के समाधान के लिए नाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लंबे समय से स्थानीय लोग इस जलभराव से जूझ रहे थे, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा था, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी बढ़ रही थीं। नगरपालिका अभियंता जयदेव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नाले को नए सिरे बनाया जा रहा है। नाले के निर्माण से यहां दूषित पानी के जमाव की समस्या से निजात मिलेगी। स्थानीय



निवासियों के अनुसार गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास सड़क पर काफी दिनों से नाले का दूषित पानी एकत्रित हो रहा था। इसे रोकने के लिए पाइप दबवा कर दूषित पानी को जोहड़ में भेजा जा रहा था, लेकिन इसमें भी पाइप की सफाई न होने से अब यह भी जाम हो गया। वहीं वाल्मिकी मोहल्ले के पास भी नाला टूट गया था, जिससे लगातार सड़क पर बह रहा है। दूषित पानी के जमाव से उनका घरों से बाहर निकलना भी दुर्भर हो गया था। कई बार यह मुद्दा नगर पालिका के सामने उठाया गया, जिसके बाद अब समाधान की दिशा में कदम उठाए गए हैं।


### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू– I (NIT-59) दिनांक:21.02.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. ब्रिज नंबर 196 यूपी और डाउन में चैनल स्लीपर का एच–बीम के साथ प्रतिस्थापन, 130 किमी प्रति घंटे की रूट पर डीयूके सेक्शन और ब्रिज नंबर 7A, 33, 37 और 66A में एनके सेक्शन। 2. TRR (P) 125-128.6 T KM सहायक मंडल अभियंता / करनाल के खंड में 3. TRR (P) 39.866 TKM DUK खंड पर |
| अनुमानित लागत | 1. रु. 11506883.60/- 2. रु. 7921199.38 3. रु. 73021335.65/- |
| धरोहर राशि | 1. रु. 207500/- 2. रु. 158400/- 3. रु. 515100/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gatway के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 1 & 2. 06 महीने 3. 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 18.03.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 18.03.2025 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | 1. चलती ट्रैक में चैनल स्लीपर का निर्माण और बिछाना। 2 & 3 CTR/TRR/TFR/TTR में ट्रैक की ऊँचाई बढ़ाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक का तनाव कम करना, ट्रैक रखरखाव मशीनों जैसे टैम्पिंग मशीनों / बॉलास्ट स्क्रीनिंग / नियामक मशीनों के लिए पूर्व और पश्चात कार्य और T-28 द्वारा TRR शामिल है। |

नोटः- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

597/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



## क्लासीफाइड

### टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

### खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

### बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

### बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

### बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

**मै जोकि कांता देवी पत्नी कृष्ण निवासी ग्राम शामडी लोहचब तह० गोहाना जिला सोनीपत की स्थाई निवासी हूँ और अपने हल्फ से ब्यान करती हूँ कि राखी मेरी सगी पुत्री मेरे कहने व सुनने से बाहर है। और अब मै अपनी पुत्री राखी को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल और संबंध विच्छेद करती हु। आज के बाद अगर कोई भी राखी से व्यवहार करता है तो वह स्वय जिम्मेदार होगा।**

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

### खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन मोड में सीएम रेखा गुप्ता और पीडब्ल्यूडी मंत्री

## अवकाश के दिन भी काम पर रही दिल्ली की नई सरकार, मुख्यमंत्री बजट पर लेंगी अधिकारियों की बैठक, मंत्री प्रवेश वर्मा और डॉ. पंकज सिंह ने किया योजनाओं का निरीक्षण

**सक्रिय**

**सरकार के मन में कुछ कर दिखाने का जज्बा है। मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार अवकाश के दिन भी काम रही**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सत्ता में आने के बाद दिल्ली की भाजपा सरकार जनता से जुड़े कामों को लेकर सक्रिय हो गई है। सरकार के मन में कुछ कर दिखाने का जज्बा है। इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार अवकाश के दिन भी काम रही। मुख्यमंत्री बजट पर दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। वहीं मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और डॉ. पंकज सिंह योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रवेश ने जहां कुछ निमार्णाधीन योजना स्थलों का निरीक्षण करेंगे, वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह भी राव तुलाराम अस्पताल स्थल का निरीक्षण कर वहां के हालात का जायजा लिया।

उधर अन्य मंत्रियों ने भी शनिवार को अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों की बैठकर बुलाई हैं।

**जनता से किए हर वायदे हो पूरे, यही सरकार का लक्ष्य**

मकसद यही है कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जनता से जो वायदे किए हैं उन पर उनकी सरकार खरी उतरे और इस संकल्प को पूरा करने के लिए उनका एक दिन एक दिन भी बर्बाद ना हो। यह बात खुद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी शपथ लेने के बाद दोहराई है और यही बात इस सरकार के अन्य मंत्री भी दोहरा रहे हैं। यहां बता दें कि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग ऐसे विभाग हैं, जहां का काम जनता को दिखता भी है और जनता को इन विभागों से संबंधित मामलों से रूबरू भी होना पड़ता है। मसलन सड़क खराब है तो जनता परेशान होती है और अस्पतालों में समस्याएं हैं तो भी जनता परेशान होती है। अब इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए इस सरकार ने कमर कस ली है। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में किस तरीके से अधिकारियों की कार्य प्रणाली में भी बदलाव दिखता है। लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह की बात करें तो वह हो निर्माणाधीन भैरों मार्ग अंडरपास, बारापुला एलिवेटर कॉरिडोर योजना और मूलचंद अंडरपास के पास पंप के अपग्रेडेशन का निरीक्षण किया।

## दिल्ली की सड़कों पर चलकर लोग गर्व महसूस करेंगे: प्रवेश वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं, मूलचंद अंडरपास पंप के उन्नयन कार्य और भैरो मार्ग से सरायकाले खां ह्यरिंग रोडह्न के सुदृढ़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की सड़कों को ऐसा बनाएंगे कि लोग इस पर चलकर गर्व महसूस करेंगे। प्रवेश वर्मा ने पीडब्ल्यूडी



अधिकारियों को सड़क सुदृढ़ीकरण के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुगम यातायात और बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचेंगी। इन कार्यों को पूरा करना प्राथमिकता है। जनता को जल्द अच्छी सड़क सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे पहले प्रवेश वर्मा ने बारापुला रोड पर पीडब्ल्यूडी परियोजनाओं का निरीक्षण के बाद कहा कि यहां फेज 3 का काम चल रहा है। उन्होंने मूलचंद अंडरपास पंप के उन्नयन कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहा कि दिल्ली में कई सड़कों और फ्लाईओवर के नीचे बारिश का पानी भरने की समस्या है।

## एलजी सक्सेना ने डीडीए के पुष्प महोत्सव में हिस्सा लिया



**महोत्सव**

**कार्यक्रमों के अलावा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महोत्सव का आयोजन वसंत का जश्न मनाने के लिए किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के पुष्प महोत्सव-25 में हिस्सा लिया। महोत्सव में रोमांचक कार्यक्रमों के अलावा प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महोत्सव का आयोजन वसंत का जश्न मनाने के लिए किया गया है। प्राधिकरण के तत्वावधान में आज से द्वारका सेक्टर-16डी स्थित पार्क में दो दिवसीय फूल उत्सव 'पलाश' शुरू हुआ है। सक्सेना ने कहा कि दिल्ली को 'फूलों के शहर' में तब्दील किया जाना चाहिए। इस दृष्टिकोण के अनुरूप प्राधिकरण ने पिछले दो-तीन वर्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। आज का पुष्प महोत्सव इसी पहल का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस बार प्राधिकरण ने तीन पार्कों में पुष्प महोत्सव का आयोजन किया है। अगली बार इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। सक्सेना ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य नागरिकों को हरियाली का महत्व बताना है।

## दिल्ली विधानसभा में पेश की जाएगी कैग रिपोर्ट



**सदन की बैठक**

**आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार से जुड़ी 14 लंबित कैग रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है और तीन दिन तक चलेगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार से जुड़ी 14 लंबित कैग रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। इन रिपोर्ट्स में भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन को लेकर कई सवाल उठाए गए हैं। भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया था और पीएम मोदी ने भी अपने संबोधनों में बार-बार इसे उठाया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता से की मुलाकात। दिल्ली विधानसभा सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है तो तीन दिन तक चलेने के बाद 27 फरवरी को समाप्त होगा।दिल्ली विधानसभा सूत्रों ने साफ किया है कि मंगलवार को विस सत्र में पटल पर कैग रिपोर्ट रखी जाएगी। ऐसे में आप की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है।आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता से मुलाकाल की।

**अरविंदर सिंह लवली होंगे प्रोटेम स्पीकर**

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। जिसमें सत्तापक्ष भाजपा ने विजेंद्र गुप्ता का अध्यक्ष के लिए तथा मोहन सिंह बिष्ट का नाम उपाध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया है। इन चुनाव के लिए भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है।वह सभी विधायकों को शपथ दिलाएंगे तथा विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराएंगे, इसके बाद यह पद समाप्त हो जाएगा। बता दें कि सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिन रिपोर्ट्स को आम आदमी पार्टी की सरकार पांच साल से रोक कर बैठी थी।

## सीएम रेखा गुप्ता को आतिशी ने लिखी चिट्ठी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को महिला समृद्धि योजना को लेकर कहा कि महिलाओं को एक या दो महीने धनराशि देकर योजना को बंद नहीं किया जाना है। ये स्थायी रूप से लागू हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। इन सबके बीच शनिवार को दिल्ली की पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री के नाम चिट्ठी लिखी है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने की योजना के संबंध में 23 फरवरी को आप विधायक दल से मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा कि सबसे पहले, आपको दिल्ली के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**पीएम मोदी ने द्वारका रैली में किया था वादा-आतिशी**

भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेता एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने चुनाव प्रचार के दौरान 31 जनवरी 2025 को द्वारका में आयोजित एक रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से यह वादा किया था कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में उनके लिए ?2500 प्रतिमाह की योजना पास की जाएगी।

**'कुछ समय निकालकर हमें मिलने का अवसर दें'**

उन्होंने कहा था- यह मोदी की गारंटी है। 20 फरवरी को आप की सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई।




## न्यूज फ्लैश

### सरबत दा भला निशुल्क महिला सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के लिए दाखिले शुरू



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट रजिस्टर्ड की जिला कुरुक्षेत्र इकाई एवं जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद महिलाओं के लिए संचालित निशुल्क सिलाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुका है और कुछ ही सीट शेष बची हैं । ट्रस्ट के जिला प्रधान गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ एसपी सिंह ओबेरॉय (दुबई) के उद्यम एवं कुशल नेतृत्व, राष्ट्रीय प्रधान स. जस्सा सिंह के मार्गदर्शन एवं शिक्षा निदेशक डॉ इंद्रजीत कौर गिल के सुयोग्य निर्देशन में संचालित यह दोनों कोर्स छह-छह महीने के हैं । सिलाई प्रशिक्षण कोर्स में वे महिलाएं दाखिला ले सकती हैं जो थोड़ा बहुत हिंदी पढ़ना लिखना जानती हैं । कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए महिला को 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है । दोनों कोर्सों के लिए कक्षाएं 1 मार्च से आरंभ होंगी । जिला महासचिव सूबेदार रविंद्र कौशिक ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रशिक्षणार्थियों को ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे । जिला वरिष्ठ उप प्रधान कैप्टन गुरमेल सिंह ने बताया कि ट्रस्ट आइ ऐस ओ सर्टिफाइड है और इसका प्रशिक्षण सर्टिफिकेट सरकारी व प्राइवेट नौकरियों में पूर्णतया मान्य है । सिलाई कोर्स का समय प्रातः 9:00 से दोपहर 1:00 बजे तक तथा कंप्यूटर कोर्स का समय दोपहर 1:00 से 5:00 बजे तक है । ट्रस्ट के अंबाला जोन प्रभारी लखविंदर पाल सिंह ग्रेवाल ने बताया कि मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ एसपी सिंह ओबेरॉय (दुबई) द्वारा पूरे विश्व में समाज सेवा के अनेक कार्य किये जा रहे हैं । उप प्रधान गुरबख्श सिंह व सचिव विनोद शर्मा ने बताया कि जो महिलाएं कोर्स के लिए योग्यता पूरी करती हों, ट्रस्ट के प्रशिक्षण केन्द्र रेड क्रॉस भवन, कुरुक्षेत्र में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सायं 4:00 बजे तक आकर अपने आधार कार्ड की फोटो प्रति, शैक्षणिक योग्यता के सर्टिफिकेट्स की फोटो प्रतियां तथा अपनी चार पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदन फॉर्म भर सकती हैं । दाखिला पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मिलेगा ।

### शोषित वर्ग को मुख्य धारा में लाना: रवि कुंडली

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेशध्यक्ष रवि उर्फ सोनू कुंडली ने सैक्टर-17 में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी का मिशन गरीब वंचित, शोषित वर्ग को मुख्य धारा में लाने का काम करती है । प्रदेशाध्यक्ष रवि कुंडली ने कहा कि पार्टी विधानसभा व लोकसभा चुनाव की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में हो रहे निकायों चुनावों में भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का काम करेगी। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर निकायों चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इसी कड़ी में शनिवार को कुरुक्षेत्र के कई वार्डों में कार्यकत्ताओं के साथ दौरा किया।

# स्वामी दयानंद जन्म जयंती पखवाड़े के अंतर्गत निकाली भव्य शोभायात्रा

## स्वामी दयानंद के विचार हमें राष्ट्र, समाज और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं

**राष्ट्र चेतना**

**स्वामी दयानंद के विचार हमें राष्ट्र, समाज और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला: डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में** 22 फरवरी को स्वामी दयानंद सरस्वती की पुण्य स्मृति में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के विचार हमें राष्ट्र, समाज और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हैं। उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर ही हम सशक्त और समृद्ध समाज की स्थापना कर सकते हैं।
इस शोभायात्रा में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद के साथ उनके प्रखर शिष्य महात्मा हंसराज, पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी, रामप्रसाद बिस्मिल और लाला लाजपत राय की भूमिका निभाते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। झांकी के माध्यम से आर्य समाज और वेदों का जयघोष करते हुए, विद्यार्थी दयानंद के सैनिक बनकर विद्यालय के प्रार्थना सभागार से मुख्य द्वार से बाहर तक शुभ संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस भव्य झांकी का निर्देशन श्रीमती मंजू सचदेवा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसने स्वामी दयानंद की विचारधारा को जीवंत कर दिया।
इसके साथ ही, विद्यालय के प्रार्थना सभागार के मंच पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षिका श्रीमती माधुरी शर्मा द्वारा निर्देशित एक नुक्कड़ नाटिका का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर तैयार की गई इस नाटिका में विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद की शिक्षाओं पर अमल करने का संदेश दिया तथा 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' के संकल्प के माध्यम से समाज को जागरूक किया। आर्य युवा समाज डीएवी अंबाला की संचालिका श्रीमती गौरी वंदना ने बताया कि आर्य प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा के दिशा निर्देशन में संपन्न हुए इस गरिमामयी आयोजन को श्रीमती राधिका सीकरी ने अत्यंत भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। शोभायात्रा और नुक्कड़ नाटिका में कक्षा चार से लेकर कक्षा सातवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता से स्वामी दयानंद और उनके महान अनुयायियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रचार अभियान में मिल रहा भरपूर समर्थन- ओंकार नाथ



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** वार्ड नं. 19 से पार्षद पद के निर्दलीय प्रत्याशी ओंकार नाथ मिश्रा व उनकी टीम द्वारा आज वार्ड के प्रति विहार, निशात बाग, शालीमार बाग में जोर शोर से प्रचार किया गया. इस अवसर पर वार्डवासियों से आगामी 2 मार्च को अपनी टीम के साथ घर-घर जाकर शंख का बटन दबाकर वोट देने की अपील की। मिश्रा ने बताया कि वार्ड में बुजुर्गों को समय पर पेंशन दिलवाना, पेयजल व सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करवाना, वार्ड में पुलिस पेट्रोलिंग को सुनिश्चित करना इत्यादि को मुख्य मुद्दों में शामिल किया गया है. उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से समस्या समाधान करने का तरीका अपने आप में वार्ड के विकास के लिए वरदान साबित होगा. मिश्रा ने लोगों से निवेदन किया कि वे आने वाले 2 मार्च को शंख का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं, इस अवसर पर उनके साथ टीम के प्रदीप मौर्या, कमलेश शर्मा, सुरिंदर सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, हिमांशु धीमान, प्रीतम सिंह, विजय भटनागर, त्रिभुवन पाल, द्वारिका प्रसाद, सिया राम पासी, आनंद पाल, सिमरनजीत सिंह, शुभम वेश, पवन सिंह, विजय सिंह, सियाराम पासी, रमेश कुमार, संदीप शर्मा, केवल सिंह, नवल किशोर यादव, चमन धीमान, मनप्रीत सिंह, बी के श्रीवास्तव, घनश्याम मिश्रा, छोटे लाल यादव, धीरज जेटली, राम दुलारे यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**अपील की**

**2 मार्च को अपनी टीम के साथ घर-घर जाकर शंख का बटन दबाकर वोट देने की अपील की**

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार की मौत

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के एटलस सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपित कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के प्रभु नगर निवासी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उसका बेटा आदित्य गुप्ता (21) किसी काम से अपनी बाइक पर सवार होकर किसी काम से कच्चे क्वार्टर जा रहा था। वह उसके पीछे अपनी स्कूटी पर जा रहा था। आदित्य जब एटलस रोड पर आईसीआईसीआइ बैंक के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने सामने से कट मारा। जिससे सीधी टक्कर बाइक में लगी। टक्कर लगते ही आदित्य सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे।

# नशे जैसी बुराई को जीवन से बाहर करने का प्रतीक है बकेट चैलेंज- एनसीबी

**गौरवान्वित**

**लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के बकेट चैलेंज के साथ प्रयास फाउंडेशन जुड़ गई है। प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी ने बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हुए कहा कि वे कुरुक्षेत्र जिले में इस अभियान को जन जन तक पहुंचाएंगे। प्रयास फाउंडेशन के महासचिव कुलदीप सिंह ने कहा कि यह नशा मुक्त अभियान के लिए श्रेष्ठ प्रयास है। इस अभियान से एनआरआई रामफल बुरा जुड़े और कहा कि यह आज की सबसे बड़ी चुनौती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रवीण कुमार ने भी इस अभियान में भाग लिया। सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक कर्म चंद इस अभियान से जुड़े और कहा कि वे स्वयं कोई नशा नहीं करते और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।
कुरुक्षेत्र बहुतकनीकी संस्थान से विभागाध्यक्ष कंवल सचदेवा इस अभियान से जुड़कर कहते हैं कि वे अपने संस्थान में इस अभियान को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाएंगे और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करेंगे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज का कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न स्थानों पर ये कार्यक्रम किए गए।

# खण्ड स्तरीय गणित क्वीज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** आज खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाबैन के कार्यालय में खण्ड स्तरीय गणित क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3-5, कक्षा 6-8, कक्षा 9-10 कक्षा 11-12 स्तर पर हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी सन्तोष चौहान ने खण्ड के सभी स्कूलों से आए बच्चों व अध्यापकों का इस कार्यक्रम में स्वागत किया। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ज्ञान चन्द सैनी प्रिंसीपल ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड़-कालवा व लाजपत राय प्रिंसीपल पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय मंगोली जाटान व प्रबन्धक कमेटी से सभी सदस्यों व विकास शर्मा जी पी.जी.टी. रा० माडल संस्कृति विद्यालय बाबैन व एबीआरसी श्रीमती भावना, श्रीमती शिवानी श्रीमती मीनाक्षी ,श्रीमती निशाजी का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।
अनिल शर्मा , मुकेश खंड कार्यालय बाबैन से इस कार्यक्रम में आए हुए सभी बच्चों को जलपान कराया। निरणायक मंडल के सभी सदस्यो अमरेंद्र कुमार, जगदीप सिंह, श्रीमती याचना, धर्मवीर, वीरेंद्र सिंह, श्रीमती हरपिंदर कौर , ओम प्रकाश ने अपनी भूमिका बहुत अच्छे से निभाई ।



**विशेष योगदान**

**खण्ड के सभी स्कूलों से आए बच्चों व अध्यापकों का इस कार्यक्रम में स्वागत किया**

# बोर्ड परीक्षा की सफलता हेतु सोहनलाल डीएवी गर्ल्स स्कूल में यज्ञ का आयोजन

**कामना की**

**बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** सोहनलाल डीएवी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्या , अध्यापक गण तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। यज्ञ का आरंभ वैदिक मंत्रों के साथ अग्नि प्रज्वलित करके किया गया। सभी विद्यार्थियों ने पूरी आस्था , विश्वास और मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुति देकर बोर्ड परीक्षा में सफलता की कामना की। यज्ञ का समापन शांति पाठ के साथ किया गया। इसके बाद मुख्याध्यापिका नीरू अरोड़ा ने बच्चों को अनुशासन में रहते हुए नकल रहित और तनाव मुक्त परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

### तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को किया गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने 318 ग्राम चरस नशा तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को शुक्रवार देर शाम समालखा अनाज मंडी गेट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोमा निवासी हरिनगर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम ने बीते मंगलवार को मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सफीदों गोहाना रोड पर पाथरी माता मंदिर के पास नाकाबंदी कर बाइक सवार नशा तस्कर आरोपी अनिल उर्फ काला निवासी जागसी सोनीपत को 318 ग्राम चरस नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया था।

# डीआईटीएम में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर ।** जीटी रोड स्थित डीआईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित विशाल रोजगार मेले में 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में एमएनसी कंपनिया टाल बॉस, डेक्लॉक, माइक्रोटर्नर, आज इंटरप्राइजेज, कल्याणी के अलावा एचडीएफसी, एक्सिस बैंक आदि ने रोजगार मेले में आए युवाओं का चयन किया।
कॉलेज के चेयरमैन संजीव कुमार जैन ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें अपनी मेहनत और समर्पण से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. नीरज कुमार ने भी विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए उन्हें अपने भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। कॉलेज के वाइस चेयरमैन डॉ. अखिल जैन और एडमिन केतकी ने यह घोषणा की कि भविष्य में इस प्रकार के रोजगार मेले निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को उनकी योग्यताओं के अनुसार बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार सहायक रोजगार अधिकारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया, कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया। डायरेक्टर डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ, क्योंकि इसमें उन्हें कई प्रतिष्ठित कंपनियों से सीधी मुलाकात और साक्षात्कार का मौका मिला।



**चयन**

**कल्याणी के अलावा एचडीएफसी, एक्सिस बैंक आदि ने रोजगार मेले में आए युवाओं का चयन किया**

# गांव पिलखनी में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पिलखनी गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा शिवलिंग किसी एक विशेष धर्म के लिए आराध्य-प्रतीक नहीं, बल्कि परमात्मा तो सर्व मनुष्यात्माओं का चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण अथवा कर्म से सम्बन्धित हो, सभी का आराध्य है। परमात्मा के सम्बन्ध में विभि-?न धर्मों में प्रचलित 'नूरह्, 'डिवाइन लाइट' , 'ओंकार' और 'ह्ज्योर्तिस्वरूप' भाष के स्तर पर ही भिन्न हैं। भाव अर्थात? स्वरूप के स्तर पर नहीं। जिस प्रकार ह्शिव' शब्द का आध्यात्मिक अर्थ ह्कल्याणकारी होता है, उसी प्रकार दार्शनिक दृष्टिकोण से रात्रि शब्द 'अज्ञानता, पापाचार और बुराइयों' का प्रतीक है । अतः शिवरात्रि अर्थात? घोर तमोप्रधान धर्मग्लानि के समय लोक कल्याणार्थ परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार पर्व। जब इस संसार में धर्म का स्थान कर्मकाण्ड, कर्म का स्थान आडम्बर ले लेता है। संसार में चारों ओर पापाचार, अनाचार और भ्रष्टाचार का ही पाप लोगों के सिर पर चढ़कर बोलने लगता है तो वही काल परमात्मा शिव के अवतरण का समय होता है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी आत्माओं के अज्ञान-अंधकार अथवा आसुरी गुणों की पराकाष्ठा का प्रतीक है इसके पश्चात? शुक्ल पक्ष परमात्मा शिव द्वारा ह्ईश्वरीय ज्ञान' और 'योग' द्वारा पवित्र और सुख-शान्ति सम्पन्न नई सृष्टि के प्रारम्भ का प्रतीक है।
वर्तमान सृष्टि के कालखण्ड में तमोप्रधानता और अज्ञानता अपनी चरम सीमा के अन्तिम छोर पर पहुँच चुकी है। चारों ओर पाँच विकारों का हाहाकार एवं घमासान मचा हुआ है। धर्म सत्ता, कर्तव्य-विमुख हो चुकी है। राज सत्ता, पथ भ्रष्ट और कर्म-भ्रष्ट हो चुकी है एवं विज्ञान सत्ता, विनाश की ओर कदम बढ़ा चुकी है। चारों ओर अंधकार ही अंधकार है। दिन के प्रकाश में भी बुराइयों और अज्ञानता रूपी रात्रि का चारों ओर साम्राज्य छाया हुआ है। यही घोर अज्ञानता रूपी रात्रि में परमात्मा शिव के अवतरण का समय है।
वर्तमान समय में परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर अज्ञानता के विनाश और नई सतयुगी दुनिया की स्थापना का दिव्य कर्म कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया व कार्यक्रम में गांव के सरपंच राजन बत्तरा जी भी मौजूद रहे।



**दिव्य कर्म**

**परमपिता परमात्मा शिव अवतरित होकर अज्ञानता के विनाश और नई सतयुगी दुनिया की स्थापना का दिव्य कर्म कर रहे हैं**

# रविदास महापीठ के हितेंद्र चौधरी हैं प्रदेश अध्यक्ष और रहेंगे अन्य किसी से संबंध नहीं : रविदासाचार्य



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ ने कहा है की महापीठ के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अंबाला से हितेंद्र चौधरी एडवोकेट हैं और आगे भी बने रहेंगे उन्होंने कहा है की कई अन्य असामाजिक लोग जिनमें रामलाल नामक नहीं है जोकि सदस्य भी नहीं है वो अपने आप को स्वयंभू प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर रहे हैं उनसे और ना उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयंभू सुरजीत कुमार से महापीठ का कोई लेना देना है। आज यहां श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राठौड़ ने कहा की ऐसे सामाजिक लोगों की आवश्यकता पड़ने पर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने रविदास महापीठ के समस्त कार्यकर्ताओं से ऐसे सामाजिक लोगों से दूर रहने का आह्वान भी किया।
इस अवसर पर उनके साथ महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष हितेंद्र चौधरी एडवोकेट, सूरजभान नवाल, प्रदेश महामंत्री रामकुमार राहुल सुविधा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण भुक्कल, जिला अध्यक्ष महिपाल फूले अमीन, जगमाल सिंह चंदेल, मानसिंह बचगावा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### सीआईए टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपित पकड़ा, देसी पिस्टल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। सीआईए पुलिस टीम** ने थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित राहुल वासी निवाजनगर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से अवैध हथियार बारे पूछताछ की जा रही है। सीआईए टीम गस्त के दौरान बस अड्डा जांजडियावास मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि राहुल वासी निवाजनगर के पास अवैध हथियार है और छाजियवास मंदिर के पास किसी के इंतजार मे खड़ा है। अगर तुरंत रैड कि जाए तो अवैध हथियार सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना पर टीम ने बताए हुए स्थान पर पहुंचकर देखा तो एक नौजवान लड़का पुलिस की गाड़ी को देखकर मंदिर से गांव छाजियावास की तरफ तेज कदमों से चलने लगा, जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राहुल वासी निवाजनगर बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल मिला। पुलिस ने अवैध हथियार को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ थाना सदर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोर ने बाइक की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। एक्सिस बैंक के** पास अज्ञात चोर एक बाइक को चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर बाइक को बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। कनीना निवासी सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 20 फरवरी को अपनी बाइक पर सवार होकर अनाज मंडी के पास एक्सिस बैंक में निजी काम आया था। करीब आठ बजे वापिस आया तो बाइक वहां पर नहीं मिली।

### जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भाजपा उम्मीदवारों को दे रहे समर्थन : जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने कहा कि जैसे-जैसे नगर निगम चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, चौतरफा भाजपा का रंग चढ़ गया है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भाजपा की मेयर पद की उम्मीदवार और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को अपना समर्थन दे रहे हैं। करनाल नगर निगम के वार्ड नंबर 7 में आजाद प्रत्याशी मनोज उर्फ मोनू (चुनाव निशान-उगता सूरज) ने अपना पूर्ण समर्थन मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता एवं वार्ड 7 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जोगेन्द्र शर्मा को दिया है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अन्य प्रत्याशियों का भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का सिलसिला जारी है। इससे साफ पता चलता है कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत होने जा रही है। करनाल की जनता ही नहीं, बल्कि प्रत्याशियों के समर्थन ने बता दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों से लोग प्रशन्न है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि करनाल में चौतरफा विकास कार्य हो रहे हैं। नगर निगम चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार और तेज गति से कार्य करेगी। विधायक ने कहा कि जो भी प्रत्याशी चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को समर्थन दे रहे हैं, उन्हें भाजपा में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। सरकार के विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। प्रत्याशियों का यह कदम भाजपा परिवार को और भी मजबूत करेगा। यह क्षेत्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशी जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। डोर टू डोर जाकर जनता से संपर्क किया जा रहा है और भाजपा सरकार के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा जा रहा है। इस अवसर पर यशपाल ठाकुर, सतीश कश्यप, विनोद शर्मा, रविन्द्र कश्यप सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सकारात्मक आत्मविश्वास की जीवन में बहुत आवश्यकता होती है : मनीष मरवाह

## दयाल सिंह कॉलेज में चल रही 74वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दयाल सिंह कॉलेज** में चल रही 74वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का आयोजन हर्षोल्लास और रोमांच के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व छात्र एवं अमूल्या हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनीष मरवाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ तथा खेल समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को पुष्पमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। खिलाडि ?ों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनीष मरवाह ने अपने महाविद्यालय के दिनों को याद करते हुए कहा कि मुझे अपने



कॉलेज में पुनः आकर गर्व की अनुभूति हो रही है। कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ ? के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि सकारात्मक आत्मविश्वास की जीवन में बहुत आवश्यकता होती है। शिक्षा आत्मविश्वास और सोचने का तरीका दोनों प्रदान करती है और यही तरीका हमें जीवन में शिखर तक पहुँचाता है। उन्होंने कहा कि खेलों में मिली सीख का उपयोग हर क्षेत्र में किया जा सकता है। अपनी रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने भारत के खेलों में बढ़ते वैश्विक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं और यह निरंतर प्रयास और कठोर परिश्रम का ही परिणाम है। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कॉलेज में विकास कार्यों के लिए एक लाख रुपए की धनराशि भेंटकर महाविद्यालय के मान में वृद्धि की। प्राचार्य ने उनके इस उदार योगदान के लिए उनका हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। कालेज की प्राचार्या डॉ. आशिमा गक्खड़ ने कहा कि खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सुदृढ़ बनाते हैं। खेलों में भाग लेने से अनुशासन, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास विकसित होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायक होता है।

## भाजपा में युवा को मिलता है सबसे अधिक सम्मान: कोमल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत नगर निगम** का चुनाव आगामी 9 मार्च को होगा इन चुनाव को लेकर भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इन दोनों घर-घर जाकर लोगों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं इसी कड़ी में महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने शनिवार को बिशन स्वरूप कॉलोनी के आईसीएस कोचिंग सेंटर तथा जीटी रोड के एलएनटी स्कूल में युवा समाज कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल मदान, गौरव लीखा और महेश थरेजा भी उनके साथ रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है। युवा हमारी आन बान शान है और युवा के कंधों पर ही देश का भविष्य है । इसलिए यदि भारत को 2047 से पूर्व एक शिक्षित और विकसित राष्ट्र बनाना है तो हर चुनाव में भाजपा को जीताना होगा । उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र प्रदेश सरकार ने गलत 10 वर्षों के शासन के दौरान जहां देश प्रदेश में तेजी से विकास करवाया है।

### मैथ टीचर ने छात्रा से की बैड टच की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के** सरकारी स्कूल में मैथ के टीचर ने छात्रा से छेडछाड़ की कोशिश की। उसने दसवीं की छात्रा को कहा कि मुझसे दोस्ती कर ले, पेपर में पास करा दूंगा। उसने छात्रा को बैड टच करने की भी कोशिश की। जब छात्रा ने विरोध किया तो उसे बोर्ड परीक्षा के लिए रोल नंबर न देने की बात कहकर डराने लगा। इससे छात्रा डिप्रेशन में रहने लगी। परिजनों के पूछने पर छात्रा ने सारी बात बताई। इसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे और टीचर को पूछा, लेकिन उसने इससे इनकार कर दिया।

## कोमल सैनी ने जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**इन दिनों नगर निगम** चुनाव की सरगर्मियां जोरों पर है भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों ने जनसभाओं के साथ-साथ घर-घर जनसंपर्क भी शुरू कर दिया है । इसी कड़ी में सेक्टर 24 की आरडब्ल्यूए वेलफेयर समिति की ओर से राजगुरु पार्क में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि भाजपा मेयर पद की उम्मीदवार कोमल सैनी रही और वार्ड 14 के उम्मीदवार अजीत प्रजापत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम के अध्यक्षता हरियाणा एनवायरनमेंट सोसाइटी के प्रधान भीम राणा ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम से हुओ



भाजपा नेता ईश राणा ने सभी का स्वागत किया और ओपी सलूजा ने सभी का आभार व्यक्त किया । समारोह को संबोधित करते हुए मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी ने कहा कि भाजपा विश्व की एक विशाल राजनीतिक पार्टी है जिसमें कार्यकताओं का सबसे अधिक सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गत 10 वर्षों के दौरान पानीपत में भी रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं और भविष्य में भी विकास के मामले में पानीपत को प्रथम स्थान पर लाने के सभी प्रयास किए जाएंगे । उन्होंने यह भी कहा कि मतदान का समय नजदीक आ गया है। इसी के मद्देनजर सभी मंडल अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रमुख अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनता को जागरूक करें और भाजपा को जीत दिलवाने की अपील भी करें । कार्यक्रम को वार्ड 14 के भाजपा उम्मीदवार अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापत ने कहा कि भाजपा ने जहां शहरी विकास को उच्च प्राथमिकता दी है । वही युवा कल्याण को भी अपना मुख्य एजेंडा बनाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पदभार ग्रहण करते ही हरियाणा के लगभग 25,000 युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के उनकी प्रतिभा के अनुसार सरकारी रोजगार दिया है। इसीलिए सभी युवा कार्यकर्ताओं को भी दिन-रात मेहनत करके भाजपा का कमाल खिलाने के लिए तुरंत सहयोग देना चाहिए।

### निगम चुनाव में भाजपा को मिलेगी रिकॉर्ड जीत

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

शहरी विधायक कार्यालय के सभागार में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गयो बैठक की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत पट ने की जबकि पानीपत नगर निगम चुनाव संयोजक एवं विधायक प्रमोद विद ने बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी दी बैठक को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा राष्ट्रीय मीडिया शहर प्रमुख ओबीसी मोर्चा राजवीर आर्य ने भी संबोधित कियो भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छोककर ने मन संचालन कियो बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम से हुओ बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि संगठन में अद्भुत शक्ति होती है संगठन की सफलता से ही सरकार का गठन होता है और यह हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय है कि हम विश्व की सबसे अधिक अनुशासित पार्टी के करमत कार्यकर्ता है इसीलिए सभी पद अधिकारी ही नहीं सभी भाजपा कार्यकताओं को नगर निगम के इन चुनाव में समर्पित होकर पानीपत की सभी 27 सीटों पर भाजपा का कमाल खिलौने में पूर्ण सहयोग देना चाहिए और पानीपत नगर निगम के चुनाव संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री किशन लाल पवार और चुनाव संयोजक एवं विधायक प्रमोद विज के निर्देशन में पानीपत नगर निगम के इन चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलवाकर एक नया इतिहास रचना चाहिए।

## प्राचार्य डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय पाली के प्राचार्य डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा ने क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले अनेक स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यापक अपनी-अपनी कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ा रहे थे तथा अन्य कर्मी अपना कार्य कर रहे थे। प्राचार्य ने अध्यापक हाजिरी रजिस्टर चैक किया।



जिसमें दो अध्यापक छुट्टी पर थे। जिनकी छुट्टी का प्रार्थना पत्र भी प्राचार्य द्वारा चैक किया। उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर तथा मध्याह्न भोजन योजना के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची और उपस्थित विद्यार्थियों से भी हर रोज मिलने वाले भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित मिड-डे-मील इंचार्जों को कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए मेन्यू के आधार पर ही विद्यार्थियों को साफ-सुथरा और बेहतर गुणवत्ता वाला भोजन परोसें। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक परीक्षाएं नजदीक आ रही है। इसलिए आप लग्न लगाकर पढ़ाए और पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त समय देकर उनकी कमजोरी दूर करवाएं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय पर स्कूल आने, विद्यार्थियों की पढ़ाई पर अपना ध्यान केंद्रित करने, विद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण रखने व विभाग द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर देने के निर्देश दिए। राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली के लिपिक सुजान मालड़ा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा ने ने शनिवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली के अलावा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला पाली व राजकीय प्राथमिक पाठशाला धोली व राजकीय प्राथमिक पाठशाला भुरजट का भी औचक निरीक्षण किया।

## हकेंवि के समाजशास्त्र विभाग में करवाया गया स्पोर्टस-मीट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विभागीय स्तर पर खेल दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में योगदान करते हैं, बल्कि नेतृत्व कौशल, टीमवर्क, अनुशासन और मानसिक लचीलापन विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के



बीच संतुलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. युधवीर ने बताया कि आयोजन में बैडमिंटन, एथलेटिक्स, रस्सा खींच, फुटबॉल, क्रिकेट और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। डॉ. युधवीर ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम के सफल संचालन को सुनिश्चित किया।

### जेवर और कैश डालकर बैग में रखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के घरौंडा** थाना क्षेत्र में एक महिला यात्री से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला प्रेमिला गगसीना गांव की रहने वाली है और वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए पानीपत जा रही थी। यात्रा के दौरान बस में ही उसके पर्स से कीमती सामान और नकदी चोरी हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता प्रेमिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कल सुबह करीब साढे 10 बजे वह घरौंडा के पुराने बस अड्डे से पानीपत टोल प्लाजा जाने के लिए लुधियाना से दिल्ली जाने वाली रोडवेज बस में सवार हुई थी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राजकीय** महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना को विकसित करना और उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक प्रो. सोमवीर सिवाच के संबोधन से हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की जानकारी दी



और इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रोफेसर सिवाच ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रतीकात्मक रूप से सफाई अभियान चलवाया। उन्होंने इस अभियान में भागीदारी निभाकर स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार और प्रो. पविता यादव ने भी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। शिविर के दौरान शैलजा द्वारा स्वयंसेवकों को अध्यात्मवाद का भी पाठ पढ़ाया गया। उन्हें बताया गया कि आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाकर वे अपने जीवन को अनुशासित बना सकते हैं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। 23 फरवरी को आयोजित होने वाले यज्ञ के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। स्वयंसेवकों से इस यज्ञ में शामिल होने का आह्वान किया गया ताकि वे इस पावन कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

### दो दोस्तों पर चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के रामनगर** थाना क्षेत्र में गुरुनानकपुरा नहर की पटरी पर खड़े दो दोस्तों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल घायल युवक का इलाज सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। दोनों दोस्त शहर से मिठाई खरीदने जा रहे थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से गुरुनानकपुरा पिंगली रोड निवासी 22 वर्षीय युवक सावन बीती देर शाम को अपने दोस्त के साथ शहर से मिठाई लाने के लिए निकला था।

## कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राष्ट्रीय पुनर्निमाण** में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ बड़ी संख्या में लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। इसी उद्देश्य से भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास करते हुए मैप्पल इमीग्रेशन के संचालक गोल्डी मल्होत्रा व सरदार सुखजिंदर सिंह जलमाना ने अपने साथियों सहित भाजपा परिवार में शामिल होने की घोषणा की। इस मौके पर असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने उनका मुंह मीठा करवाते हुए भाजपा परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया। विधायक योगेन्द्र राणा ने भाजपा में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि



भाजपा कार्यकताओं की बदौलत आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा ही है, जिसमें आखिरी छोर पर खड़े हुए व्यक्ति का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने पर आपको उचित मान-सम्मान दिया जाएगा और मुझे उम्मीद है कि आप भाजपा की जन-हितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता अपनी पार्टी के प्रति निष्ठा व अपनी मेहनत के बदौलत ऊंचे से ऊंचे पद को प्राप्त कर सकता है और मुझे उम्मीद है कि आप शीघ्र ही भाजपा की रीति नीति को समझते हुए अपनी मेहनत की बदौलत पार्टी में ऊंचे स्थान को प्राप्त करेंगे।

## विधायक ने विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर सैनीपुरा मौहल्ले का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। विधायक कंवर** सिंह यादव ने शनिवार को शहर के मौहल्ला सैनीपुरा का दौरा किया। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन प्रदीप यादव और अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में पानी भरने और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का मौके पर जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों को पीने के पानी की समस्याओं को भी प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिए, जिससे मोहल्ले के लोगों को कोई



परेशानी नही आ सके। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और इस तरह की समस्याओं को शीघ्र सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। विधायक ने मोहल्ले के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि पानी और सीवर लाइन की कोई भी समस्या आती है, वह बता सकते हैं।

संपादकीय

# जो साधना के शीर्ष पर हैं, वे संत हैं

**प्रत्येक** शब्द का अर्थ होता है। अर्थ न हो तो शब्द का कोई मतलब नहीं। पतंजलि ने महाभाष्य में यह बात दोहराई है। शब्द और अर्थ मां और पुत्र जैसे हैं। शब्द की कोख में अर्थ होता है। जो शब्द का अर्थ नहीं जानते उनके लिए शब्द का कोई मतलब नहीं है। भारत में अध्यात्म सम्बंधी विपुल साहित्य रचा गया है। इन शब्दों के अर्थ बड़े मूल्यवान हैं। शब्दों के विशिष्ट ढंग से बने वाक्य मंत्र होते हैं। मंत्रों के भी अर्थ होते हैं। लेकिन उनके प्रभाव शब्दार्थ से ज्यादा व्यापक होते हैं। शब्दों का अपना संसार है। पृथ्वी पर जितनी वस्तुएं, पेड़, पौधे, जीव, जंतु, मनुष्य विद्यमान हैं, प्रत्येक रूप के लिए शब्द हैं या नाम हैं। कविता भी शब्दों का मधुर संयोजन होती है। आश्चर्य की बात नहीं है कि सौंदर्य का वर्णन कविता में ज्यादा सुंदर प्रकट होता है। वैदिक काव्य स्तुतियां हैं। वैदिक मंत्रों को कविता कहा जाता है। ऋग्वेद के काव्य के लिए ऋचा शब्द आया है। एक मंत्र में कहा गया है, "ऋचो अक्षरे परमे व्योमन यस्मिन देवा अधि विश्वे ने शेधु-ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं। यहीं सभी देवता भी रहते हैं।" जो यह बात नहीं जानता वह वैदिक शब्दों का क्या अर्थ निकलेगा? लेकिन जो यह बात जानता है वह उसी तत्व में मिल जाता है। ज्ञान के लिए अज्ञात क्षेत्र का बोध असंभव नहीं है। सृष्टि का एक भाग जान लिया गया है। एक भाग जानने की सूची में है। लेकिन इससे भी बड़ा भाग अज्ञेय है। उसे जाना नहीं जा सकता। अज्ञात का भी ज्ञान होता है कि यह भाग अज्ञात है। ऋषि का संदेश सुस्पष्ट है कि पूर्ण ज्ञानी उसी विराट का अविभाज्य हो जाता है। बात सही है। किसी शब्द या वाक्य को याद करना आसान है। उस शब्द के अर्थ के लिए गहराई में उतरना कठिन है। अनेक कथावाचक श्रद्धालु श्रोताओं को गीत संगीत से प्रभावित करते हैं। लोकमंगल से जुड़े तमाम उदाहरण देते हैं। पौराणिक कथाओं का भी उल्लेख करते हैं। लेकिन श्रोताओं का आत्मरूपांतरण नहीं होता। कथावाचन साधारण जमावड़ा नहीं होता। कथाएं प्रेरक होती हैं। कथा और गल्प में अंतर होता है। आखिरकार इस बात का मूल कारण क्या है कि कथावाचक पूरी युक्ति और परिश्रम के साथ श्रोताओं का संबोधन करते हैं? श्रोता भी दत्त चित्त होकर सुनते हुए दिखाई पड़ते हैं। भक्ति कथाएं प्रेम से भरी पूरी हैं। श्रोता कुछ समय तक इनका आनंद लेते हैं। लेकिन इसका ठोस प्रभाव नहीं पड़ता। वैदिक ऋषि को किसी समय जनसामान्य की ऐसी ही समझ का सामना करना पड़ा होगा। तभी उसने यह मंत्र बताया कि देवता परम व्योम में रहते हैं। यहीं ऋचाएं भी रहती हैं। जो व्यक्ति यह बात नहीं समझता, ऋचा उसके लिए क्या कर सकती हैं? शब्द का बोला जाना और उसे सुना जाना, सुनते ही मस्तिष्क के सामने उसका अर्थ खुलना अल्पकाल में घटित होता है। अर्थ नहीं खुला तो शब्द निरर्थक हो जाता है। मंत्र पढ़ना पर्याप्त नहीं है। मंत्र का अर्थ खोलना ही श्रेयस्कर है। इस मंत्र में ऋषि ने सावधान कर दिया है कि ऋचा स्वयं में कुछ नहीं कर सकती, कि अर्थ महत्वपूर्ण है। इस मंत्र की महत्ता इस बात से आंकी जा सकती है कि ऋग्वेद (1.164) में व अथर्ववेद (9.15.18) में और श्वेताश्वतर उपनिषद में भी दोहराया गया है। प्रेम और ज्ञान की प्राप्ति किसी प्रतिनिधि के माध्यम से संभव नहीं है। भक्ति और ज्ञान साधना में भी कड़ी शर्त है। भक्ति स्वयं ही इष्ट तक पहुंचाती है। किराए के सहायक द्वारा भक्ति सिद्ध नहीं होती। ज्ञान प्राप्ति भी स्वयं की तप साधना से संभव होती है। पूर्वजों ने ज्ञान प्राप्ति के लिए तमाम साधनाएं की थीं। लोकमंगल के लिए उन्होंने तमाम त्याग और समर्पण किए थे। ढेर सारा ज्ञान हमारे सांस्कृतिक ग्रंथों में भरा पड़ा है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक काल तक सतत प्रवाही उत्कृष्ट ज्ञान परंपरा है।

# प्रशंसा हमें बेहतर नहीं बनाती, न ही निंदा हमें कभी बदतर बनाती है



सुनील कुमार महला

> वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम अपने जीवन में नकारात्मक बातों पर ध्यान देने के बजाय सकारात्मक बातों का अधिकाधिक विस्तार करें। प्रतिदिन आभारी महसूस करने से हमारी सकारात्मकता बढ़ती है, जिसका असर हमारे सामने आने वाले अन्य लोगों पर भी पड़ता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सदैव दूसरों में दोष ढूंढते रहना मानवीय स्वभाव का एक बड़ा अवगुण है। दूसरों में दोष निकालना और खुद को श्रेष्ठ बताना कुछ लोगों का स्वभाव होता है। निंदा करने से हमारे मन में अशांति व्याप्त होती है और हम हमारा जीवन दुःखों, कष्टों , परेशानियों से भर लेते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रत्येक मनुष्य का अपना अलग दृष्टिकोण एवं स्वभाव होता है। दूसरों के विषय में कोई अपनी कुछ भी धारणा बना सकता है

**मनुष्य एक सामाजिक प्रा**णी है। समाज में रहते हुए व्यक्ति को उसके कार्यों के लिए निंदा/आलोचना का शिकार भी करना पड़ता है तो कभी उसको समाज से प्रशंसा भी मिलती है। जीवन एक चक्र है, कभी अच्छा तो कभी बुरा, व्यक्ति को अपने जीवन में अनेक अनुभवों से रूबरू होना पड़ता है। इसलिए व्यक्ति को समाज में रहते हुए यह चाहिए कि प्रशंसा और निंदा दोनों पर ही ध्यान दें। भक्तिकाल के कवि कबीर दास एक महान संत थे, उन्होंने भी निंदा के बारे में गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा था कि -'निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।' इसका तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति हमारी निंदा करता है, जो व्यक्ति हर समय हमारे भीतर कमियां तलाशता है, उसे हमेशा अपने पास रखना चाहिये। क्योंकि एक वही व्यक्ति है जो बिना साबुन या बिना पानी के हमारे स्वभाव को निर्मल बना सकता है।

मतलब यह है कि वह व्यक्ति हमारे भीतर की हर कमी को दूर कर सकता है।जब कोई व्यक्ति हमें हमारी कमियां नहीं बताएगा तो हमारे स्वभाव में सुधार कैसे संभव हो सकता है ? यह मानव का स्वभाव है कि वह हमेशा उन लोगों के साहचर्य में रहना पसंद करता है, जो उसके अत्यंत प्रिय होते हैं, जो उस व्यक्ति विशेष की हमेशा तारीफ और प्रशंसा करते हैं या हमारे भीतर सिर्फ गुण ही खोजते हैं। आदमी हमेशा अपनी प्रशंसा, तारीफ, श्लाघा या बड़ाई में प्रसन्न रहता है, वह इससे परे कुछ भी स्वीकार नहीं करना चाहता है, लेकिन निंदा हमारे व्यवहार को परिष्कृत करने का काम करती है। वह हमारे व्यवहार को मांजती है, उसे शुद्ध करती है।आज प्रशंसा पाने के चक्कर में हमारा जीवन लगातार बोझिल बनता चला जा रहा है। हमें यह चाहिए कि हम प्रशंसा के चक्कर में अपने जीवन को बोझिल न बनने दें। आज व्यक्ति हर कार्य में दूसरों से शाबाशी पाना चाहता है। व्यक्ति की अपेक्षाएं बहुत होतीं हैं। अपेक्षाएं जीवन को कष्टकारी बना देतीं हैं। इसलिए किसी से भी अपेक्षाएं नहीं रखनी चाहिए। जो ज्यादा अपेक्षाएं रखता है, वह व्यक्ति जीवन में एक प्रकार से दुःख को जन्म देता है। यह ठीक है कि



प्रशंसा हमारे लिए उत्साहवर्धन का काम करतीं हैं लेकिन हमें यह चाहिए कि हम प्रशंसा पाने के लिए कभी भी व्याकुल न रहें। हम अपने विचारों से खुद पर नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं।एक कहावत है कि जैसा मनुष्य अपने हृदय में विचार करता है, वैसा ही वह बन जाता है। हम जीवन में कड़वा भी सुनें, आलोचनाओं को भी सहृदयता से स्वीकार करना सीखें। याद रखिए एक डाक्टर हमें कड़वी दवा देता है ताकि हमारा मर्ज ठीक हो सके। वह हमें कड़वी दवा इसलिए नहीं देता है कि वह हमारा दुश्मन है। उसकी कड़वी दवाई में ही हमारा भला छिपा होता है, इसलिए आलोचना भी एक कड़वी दवाई की तरह ही है, जो हमारे जीवन को कहीं न कहीं संवारने का, उसे अच्छा बनाने का काम करती है। आखिर हम हर पल यह क्यों चाहते हैं कि हरदम हमारी पीठ थपथपाई जाए, हमारी प्रशंसा की जाए और दूसरे हमारी सराहना करते रहें। आज व्यक्ति का यह स्वभाव हो गया है कि वह दूसरों की शाबाशी पाने की अन्धी होड़ में स्वयं की मूल भावनाओं का गला घोंटने में लगा रहता है, जबकि वह व्यक्ति यह बेहतर तरीके से जानता और समझता है कि दूसरों की शाबाशी को प्रयत्नपूर्वक प्राप्त करना केवल स्वयं को झूठी तसल्ली देना और अपने साथ धोखा करना ही तो है। वास्तव में हमें स्वयं से हमेशा संतुष्ट होना चाहिए। आज हमें जरूरत इस बात की है कि हम अपने अंदर इस चेतना को विकसित करें कि हम इस ब्रह्मांड के सम्राट की संतान हैं और अपने परम पिता परमेश्वर के सबसे प्रिय। उस परम पिता परमेश्वर ने हमें सबकुछ दिया है और इसके लिए हमारे व्यवहार में उसके प्रति कृतज्ञता का भाव झलकना चाहिए। वास्तव में,कृतज्ञता का भाव रखने का मतलब है नियमित रूप से बड़ी और छोटी चीजों के लिए आभार व्यक्त करने की सचेत आदत बनाना। लुईस होवेस कहते हैं कि 'अगर आप इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आपके पास क्या है, तो आपके पास हमेशा अधिक होगा। अगर आप इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आपके पास क्या नहीं है, तो आपके पास कभी भी पर्याप्त नहीं होगा।'

लुईस होवेस का यह कथन गलत नहीं है, बिल्कुल सही है, क्यों कि इस ब्रह्मांड में जो ऊर्जा हम छोड़ते हैं, वही ऊर्जा तो रिफ्लेक्ट होकर हमें वापस मिलती है।

इसलिए हम कृतज्ञ बनें और इस बात को अपने हृदय में महसूस करें कि जो कुछ भी हमारे पास है, वह दूसरों के पास नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि हम अपने जीवन में कभी भी किसी चीज के लिए भीख नहीं मांगें, बल्कि यह विचार रखें कि हमारे पास पहले से ही सब कुछ है। हमें उस परम पिता परमेश्वर के समक्ष उस बच्चे की तरह रहना चाहिए, जो अपने माता-पिता के समक्ष सुरक्षित होकर सुखपूर्वक और आत्मविश्वास के साथ सभी भय को त्याग देता है। जीवन में हरेक मनुष्य के लिए कृतज्ञता का भाव रखना बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्यों कि यह कृतज्ञता ही है जो हमारी मानसिकता को बदल देती है। वास्तव में हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि प्रशंसा हमें बेहतर नहीं बनाती, न ही निंदा हमें कभी बदतर बनाती है। जब लोग हमारी प्रशंसा करते हैं, तो उससे मुग्ध होने के बजाय हमें यह चाहिए कि हम खुद का, स्वयं का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। दूसरी ओर, जब लोग हमारी निंदा करें, तो उसका हमें बुरा नहीं मानना चाहिए, बल्कि हमें यह विचार करना चाहिए कि हमारे अंदर ऐसी कौन-सी बात है, जिसको हम सुधार सकते हैं।मेलोडी बीट्टी ने क्या खूब कहा है कि 'कृतज्ञता हमारे पास जो कुछ भी है उसे पर्याप्त और उससे भी अधिक बना देती है। यह इनकार को स्वीकृति में, अव्यवस्था को व्यवस्था में, भ्रम को स्पष्टता में बदल देती है... यह हमारे अतीत को समझने में मदद करती है, आज के लिए शांति लाती है और कल के लिए दृष्टि बनाती है।' कहना गलत नहीं होगा कि आभारी होने से हमारा आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान बढ़ता है, और वर्तमान क्षण का आनंद बढ़ता है। हम अपने जीवन के हर पहलू के लिए आभारी हो सकते हैं, जिसमें वे हिस्से भी शामिल हैं जो अच्छे चल रहे हैं और वे जो अच्छे नहीं चल रहे हैं।

वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम अपने जीवन में नकारात्मक बातों पर ध्यान देने के बजाय सकारात्मक बातों का अधिकाधिक विस्तार करें। प्रतिदिन आभारी महसूस करने से हमारी सकारात्मकता बढ़ती है, जिसका असर हमारे सामने आने वाले अन्य लोगों पर भी पड़ता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सदैव दूसरों में दोष ढूंढते रहना मानवीय स्वभाव का एक बड़ा अवगुण है। दूसरों में दोष निकालना और खुद को श्रेष्ठ बताना कुछ लोगों का स्वभाव होता है। निंदा करने से हमारे मन में अशांति व्याप्त होती है और हम हमारा जीवन दुःखों, कष्टों , परेशानियों से भर लेते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रत्येक मनुष्य का अपना अलग दृष्टिकोण एवं स्वभाव होता है। दूसरों के विषय में कोई अपनी कुछ भी धारणा बना सकता है। अतः निंदा और प्रशंसा दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण और अहम् पहलू हैं।

कविता

## आशाओं के दीप जलाए रखना

आशाओं के दीप जलाए रखना,
संकट से जीवन बचाए रखना।

समय विपरीत आतताई काल,
आत्मशक्ति ऊंची बनाए रखना'

संगी छूटे साथी छूटे और रिश्तेदार।
जीवन के संबल को बनाये रखना।

ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल
आशाओं की डोर सजाये रखना।

अकेले हैं ऐसा कभी न सोचें ।
आस्था के दीप जलाये रखना।

आत्मबल आत्मशक्ति ईश्वरीय शक्ति।
ईश्वरीय प्रार्थना मन में संजोये रखना।

संकट को भक्ति से जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिकाये रखना।

रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
अपना खेवनहार ईश्वर को बनाए रखना ।

समय गुजरने में देर नहीं लगती
संकट को पैरों तले दबाए रखना।

यह तेरी,मेरी उसकी बात नहीं है,
प्रीत की जिजीविषा बनाए रखना ।

नव सूरज उदित नए पुष्प प्रस्फुटित
आशांओं के नव-दीप जलाए रखना।

शुभकामनाओं,मंगलकामनाओं सहित।

संजीव

## कुम्भ कुम्भ, कुम्भ और सिर्फ कुम्भ का उन्माद

राकेश अचल

**कोई माने या न** माने लेकिन मैंने मान लिया है कि अब प्रयागराज में आस्था का महाकुम्भ नहीं बल्कि प्रतिस्पर्द्धा का कुम्भ चल रहा है। राज्य पोषित इस कुम्भ पर बच्चों का भविष्य कुर्बान किया जा रहा है ,यहां तक कि वाह-वाही लूटने के लिए कैदियों तक को पुण्य लाभ दिलाने के लिए उन्हें कुम्भ स्नान कराया जा रहा है। ताजा खबर ये है कि महाकुम्भ के चलते प्रयागराज में कैशा 10 और 12 की अनेक परीक्षाएं रद्द कर दी गयीं हैं।

दुनिया के किसी देश में तो छोड़िये, भारत में भी किसी धार्मिक आयोजन के लिए बच्चों का भविष्य दांव पर नहीं लगाया जाता ,लेकिन भारत में खासकर उत्तर प्रदेश में धर्मभीरु सरकार ने ये भी कर दिखाया है। कुम्भ में आने के लिए आतुर भीड़ को देखते हुए 24 फरवरी को 10वीं की हिंदी प्रारंभिक व हेल्थकेयर की परीक्षा और 12वीं की सैन्य विज्ञान व हिंदी, सामान्य हिंदी की परीक्षा होनी थी. इन्हें अब प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों पर बाद में आयोजित किया जाएगा। मै दुनिया के तमाम देशों की यात्रायें कर चुका हूँ। मैंने देखा है कि एक अकेला भारत है जो धर्म के नाम पर बच्चों की परीक्षाएं रद्द करता है ,क्योंकि भारत में सरकार के लिए राजधर्म से बड़ा सनातन धर्म है । बच्चों के भविष्य से बड़ा, धर्म का भविष्य है। धर्मभीरु नेताओं और सरकारों के लिए बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि धर्म देश का भविष्य है। आप मेरी इस धारणा के लिए मुझे यदि धर्म विरोधी कहना चाहते हैं तो शौक से कह सकते हैं किन्तु मै उत्तर प्रदेश के इस फैसले के खिलाफ हूँ जो सरकार ने बच्चों के भविष्य के खिलाफ किया है। आपको बता दूँ कि 24 फरवरी को दो शिफ्ट (सुबह 8:30 बजे से दोपहर 11:45 बजे और दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक) में परीक्षाएं आयोजित होनी थी. 10वीं की हिंदी प्रारंभिक व हेल्थकेयर की परीक्षा और 12वीं की सैन्य विज्ञान व हिंदी, सामान्य हिंदी की परीक्षा होनी थी. इन्हें अब स्थगित कर दिया गया है । माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी है. साथ ही नई एग्जाम डेट की भी घोषणा की है। ये परीक्षाएं ये परीक्षाएं अब 9 मार्च 2025 को आयोजित की जाएंगी. परीक्षाओं के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ. परीक्षाएं उसी शिफ्ट में होंगी जिसमें पहले निर्धारित थीं।

उत्तर प्रदेश की धर्मनिष्ठ सरकार खुश है कि प्रयागराज महाकुंभ में 59 करोड़ से ज्यादा लोग संगम स्नान कर चुके हैं।इन धर्मांध लोगों की जेबों से अकेले उत्तरप्रदेश की सरकार 3 लाख हजार करोड़ रुपए निकाल चुकी है।

कुम्भ की वजह से शहरी लोगों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने ही घरों में एक तरह से ह्यनजरबंद ' होकर रह गए हैं। शहर में एक चौराहे से दूसरे चौराहे तक जाने में लोगों को 4 से 5 घंटे लग रहे हैं।

विचार

## विरुद्ध आहार और उसके प्रभाव

डॉ रामानुज पाठक

विरुद्ध आहार का अर्थ है ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन जो एक-दूसरे के विपरीत प्रकृति के होते हैं और जब साथ में खाए जाते हैं तो शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। आयुर्वेद में इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना गया है क्योंकि यह पाचन तंत्र को कमजोर कर सकता है और शरीर में विषाक्त पदार्थ (टॉक्सिन) उत्पन्न कर सकता है।आयुर्वेद के अनुसार, कुछ खाद्य पदार्थों को एक साथ खाने से शरीर में विषाक्तता (टॉक्सिन) उत्पन्न हो सकती है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएँ, एलर्जी, और दीर्घकालिक बीमारियाँ हो सकती हैं। इसे "विरुद्ध आहार" कहा जाता है।आधुनिक विज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि कुछ खाद्य संयोजन पाचन तंत्र के लिए हानिकारक हो सकते हैं। किसी स्थान विशेष के अनुसार अनुचित भोजन (जैसे ठंडे क्षेत्र में ठंडी चीजें ज्यादा खाना) देश विरुद्ध आहार माने जाते हैं। मौसम के विपरीत भोजन (जैसे गर्मियों में भारी और तैलीय भोजन लेना)काल विरुद्ध आहार कहलाते हैं।

व्यक्ति की पाचन शक्ति के विपरीत भोजन (कमजोर पाचन वाले व्यक्ति का भारी भोजन करना)अग्नि विरुद्ध आहार कहलाते हैं। अत्यधिक या बहुत कम मात्रा में भोजन लेना मात्रा विरुद्ध आहार हैं।गलत तरीके से तैयार किया गया भोजन (जैसे जले हुए तेल में तली हुई चीजें)संस्कार विरुद्ध आहार हैं।

दो असंगत चीजों को एक साथ खाना (जैसे दूध और मछली, दही और मूली)संयोग विरुद्ध आहार हैं।जो भोजन पचने के बाद विषाक्त प्रभाव डालता है परिणाम विरुद्ध आहार की श्रेणी में आते हैं।कुछ खाद्य पदार्थ पचने के बाद विषाक्त प्रभाव छोड़ते हैं (जैसे केला और दूध) वे विपाक विरुद्ध आहार हैं।अलग-अलग खाद्य पदार्थों के पाचन के लिए अलग एंजाइम चाहिए होते हैं।

कुछ संयोजन एंजाइमों की क्रिया को बाधित कर सकते हैं। कुछ खाद्य पदार्थ अम्लीय (एसिडिक) होते हैं और कुछ क्षारीय (ऐल्कलाइन), जो साथ में लेने पर पाचन क्रिया को बाधित कर सकते हैं अर्थात गैस्ट्रिक पीएच असंतुलन पैदा कर देते हैं। कुछ खाद्य संयोजन पेट में किण्वन (फर्मेंटेशन) कर सकते हैं, जिससे गैस, अपच और सूजन हो सकती है अर्थात फर्मेंटेशन और गैस उत्पादन करते हैं।आधुनिक विज्ञान भी कुछ हद तक इन सिद्धांतों की पुष्टि करता है। विरुद्ध आहार का वैज्ञानिक आधार भी होता है,जैसे;हमारे पाचन तंत्र में अलग-अलग खाद्य पदार्थों को पचाने के लिए विशेष एंजाइम उत्पन्न होते हैं अतः विरुद्ध आहार से पाचक एंजाइमों का असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। कुछ खाद्य संयोजन पाचन एंजाइमों की क्रिया को बाधित कर सकते हैं, जिससे अपच, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएँ हो सकती हैं।उदाहरणःदूध और खट्टे फल, दूध के प्रोटीन (कैसीन) को पचाने के लिए अलग एंजाइम चाहिए, जबकि खट्टे फल अम्लीय (एसिडिक) होते हैं, जिससे दूध फट सकता है और अपच हो सकता है।गैस्ट्रिक पीएच का असंतुलन,हमारे पेट में एक निश्चित पीएच स्तर (एसिडिक या बेसिक) होता है, जो भोजन के पाचन में मदद करता है। यदि कोई भोजन इस पीएच संतुलन को बिगाड़ता है, तो पाचन संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।उदाहरणःमछली और दूध, मछली और दूध की तासीर अलग-अलग होती है। मछली गरम तासीर की होती है, जबकि दूध ठंडा। इन दोनों को एक साथ लेने से पाचन प्रक्रिया बाधित हो सकती है और त्वचा संबंधी विकार हो सकते हैं।कुछ खाद्य संयोजन पेट में जल्दी सड़ सकते हैं और आंतों में किण्वन (फर्मेंटेशन) और विषाक्तता (टॉक्सिटी) गैस, अपच उत्पन्न कर सकते हैं। उदाहरणःतरबूज और अन्य फल,तरबूज जल्दी पचता है, जबकि अन्य फल धीमे। जब ये दोनों एक साथ खाए जाते हैं, तो तरबूज तेजी से किण्वित (फर्मेंट) होने लगता है, जिससे पेट फूलना और गैस हो सकती है। इसी प्रकार दूध का नमक के साथ सेवन अनुचित माना जाता है क्योंकि यह प्रोटीन संरचना में बदलाव,त्वचा विकार, सूजन उत्पन्न करता है।

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

## मील का पत्थर साबित होगी जीआईएस

पवन वर्मा

**डॉ मोहन यादव** ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की सवा साल पहले शपथ ली थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि वे एक विजनरी नेता भी साबित होंगे। वे अपने विजन के साथ न सिर्फ मध्य प्रदेश बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के विजन के लिए भी साथ में कदमताल करते हुए दिखाई देने लगे हैं। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेर्स्ट समिट इसी का परिणाम है। भोपाल में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हो रही है। जैसे-जैसे इन समिट के दिन करीब आते जा रहे हैं, प्रदेश के नागरिकों में इसे लेकर उत्सुकता और उत्साह भी बढता जा रहा है। मध्य प्रदेश की राजधानी पहली बार देश ही नहीं वरन दुनिया भर के उद्योगपतियों के स्वागत के लिए सज रही है। राजा भोज और तालों की नगरी के नाम से अब दुनिया भर में विख्यात भोपाल मध्य प्रदेश में उद्योगों का जाल फैलाने और बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए नई इबादत लिखने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस समिट से पहले मध्यप्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन किया। जब उन्होंने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव करने की करने की घोषणा की थी तब भी किसी को यह यकीन करना आसान नहीं था कि यह कॉन्क्लेव हकीकत में सफल होगी, लेकिन यह हुआ और हर संभाग में अलग-अलग उद्योगपति शामिल हुए और उन्होंने यहां पर उद्योग लगाने के वादे किए। इन पर अब तेजी से काम चल रहा है। इधर मध्य प्रदेश में निवेश लाने के लिए मोहन यादव के प्रयास सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रहे, वे यूके, जर्मनी और जापान की भी यात्रा कर निवेश प्रस्ताव लाने में सफल रहे। रीजनल इंडस्ट्रीज कॉनक्लेव की सफलता ने ही यह संकेत दे दिए थे कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की सोच मध्यप्रदेश के विकास को लेकर एकदम स्पष्ट है। भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ऐतिहासिक होगी।

## नेताओं का संकल्प और जनता का विकल्प

डॉ. सुरेश कुमार

**गांव का नाम था** आशावादीपुर, जहां हर चार साल में उम्मीदें हवा में तैरतीं, और जमीन पर गिरते ही चकनाचूर हो जातीं। इस बार का चुनावी माहौल बड़ा ही गरमागरम था। प्रत्याशी धर्मपाल वर्मा, जो हर बार अपने वादों से गांववालों को चकाचौंध कर देते थे, इस बार फिर तैयार थे। उनके प्रमुख वादे-"हर घर में इंटरनेट, हर हाथ में टैबलेट, और हर गली में डामर की सड़क।" सभा में, धर्मपाल वर्मा की आवाज गूंज रही थी, "भाइयों और बहनों, मैंने जो कहा, वो करके दिखाया। पिछली बार मैंने वादा किया था कि हर खेत तक पानी पहुंचेगा। पानी पहुंचा ना?"

पीछे से एक बूढ़े किसान ने खांसते हुए कहा, "हां, पानी पहुंचा था, लेकिन ट्यूबवेल के पाइप में, वो भी चुनाव के आखिरी दिन तक।" सभा में तालियां और ठहाके गूंज उठे। धर्मपाल जी मुस्कुराए, "सिर्फ आलोचना से काम नहीं चलेगा। इस बार मैं गारंटी देता हूं कि आपकी गली चमचमाती सड़कों से भरी होगी।" गांव के एक युवा, शंभू, जो हमेशा धर्मपाल जी के भाषणों में चाय बेचता था, इस बार एक सवाल लेकर खड़ा हो गया, "साहब, आपके भाषण में जो सड़कें हैं, वो हमारे गांव में क्यों नहीं दिखतीं? क्या वो भाषण में ही बनती हैं?" धर्मपाल जी ने अपने रुमाल से पसीना पोछा और जवाब दिया, "सड़कें बन रही हैं, बेटा। देखना, अगली बार जब मैं आऊंगा, तो मेरी गाड़ी से धूल नहीं उड़ेगी।" चुनाव नजदीक था, और वादों की बारिश हो रही थी। "हर गरीब को पक्का मकान देंगे, हर बच्चे को शिक्षा मुफ्त। बिजली चौबीस घंटे और पानी सातों दिन!" गांववाले मन ही मन बोले, "अगर ये सब होगा, तो फिर 'आशावादीपुर' को 'सपनों का शहर' बना दिया जाएगा।" धर्मपाल जी जीत गए। गांववालों ने मिठाई खाई, और फिर भूले नहीं, बल्कि सपनों को धूल खाते देखा। चुनाव के अगले दिन ही बिजली की लाइन काट दी गई। "सरकारी काम में थोड़ी देरी होती है," अधिकारी ने कहा। सड़कें बनीं, लेकिन बारिश में बह गईं। पक्के मकान आए, लेकिन दीवारों पर दरारें थीं। हर हाथ में टैबलेट की जगह, हर हाथ में बिल थमा दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, किसान कांग्रेस के वाईस चेयरमैन ने दिया इस्तीफा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। शनिवार को हरियाणा किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन संदीप हुड्डा चमारिया ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर कार्यकत्राओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए अपने पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। संदीप हुड्डा चमारिया ने बताया कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाई, लेकिन अब पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा कर्मठ कार्यकत्ताओं की अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते मजबूरन उन्होंने कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जहां पर कार्यकत्ताओं की अनदेखी होती है, वह पार्टी कभी सता में नहीं आ सकती है। किसी अन्य राजनीतिक पार्टी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द कार्यकत्ताओं के साथ विचार विमर्श कर इसका निर्णय भी लिया जाएगा, लेकिन वह किसानों के हित के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगे।

### जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने गिरफ़्तारी पूर्व कानूनी सहायता योजना पर किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) न्यायमूर्ति** अरुण पल्ली, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार और सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में सभी थाना अधिकारी, पैनल अधिवक्ता ( न्याय रक्षक ) व पैरा लीगल वालंटियर ( अधिकार मित्र ) के लिए गिरफ्तारी पूर्व योजना पर दो दिनों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनू ने सभी को गिरफ़्तारी पूर्व कानूनी सहायता की योजना से पूर्ण रूप से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति जिसको गिरफ्तार किया जाता है तो उसको गिरफ्तार करने से पहले अपने अधिकारों के बारे में, वकील की उपलब्धता के बारे में सहायता लेने व जानने का पूरा अधिकार है। इस के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 0180-2640222 पर संपर्क कर सकते है।

### कांग्रेस के पार्षद कैंडिडेट को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला में निकाय चुनाव** चर्चाओं के चरम पर है। भाजपा से टिकट न मिलने पर पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए वार्ड नंबर-2 के कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी महिला के पति विकास कंबोज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आज सुबह पुलिस विकास को गिरफ्तार करने के लिए उनके घर पर पहुंची गई थी। उनकी पत्नी आरती कंबोज ने बताया कि आज सुबह सेक्टर 32-33 थाना के एक महिला व एक पुलिस कर्मी उनके घर पर पहुंचे थे। लेकिन उस समय विकास घर पर नहीं था। पुलिस कर्मी ने उसे कहा कि एक घंटे के अंदर विकास को थाने में लेकर पहुंच जाना। गिरफ्तारी की बात सुनकर कांग्रेस से मेयर प्रत्याशी मनोज वधवा, पूर्व विधायक राकेश कंबोज व अन्य नेता विकास कंबोज के आवास पर पहुंचे। जब वह विकास को सचिव में थाने में लेकर पहुंचे तो पुलिस ने उसे पुराने किसी चेक बाउंस के मामले में गिरफ्तार कर लिया, लेकिन बाद में अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया। विकास कांबोज ने बताया कि भाजपा के लोग मुझ पर जान-बूझकर दबाव बना रहे हैं। जब से मैं कांग्रेस में शामिल हुआ हूं, तब से मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है। आज सुबह भी कुछ लोग उन पर दबाव बनाने के लिए आए थे। उसके बाद जब मैं घर पर नहीं था तो पुलिस मेरे घर गई और उन्हें डराने की कोशिश की। एसपी ऑफिस से भी कॉल करवाया गया था। आईजी ऑफिस से भी अलग से फोन करवाया गया। मैं इनको बता दूं कि ऐसे दबाव बनाने से कुछ नहीं होगा, मैं उस काम से हूं, जो किसी से नहीं दबती। उन्होंने कहा कि मैं खुद थाने में जाऊंगा, अगर मेरा कुछ मामला है तो मुझे अरेस्ट कीजिए।

# भगवान का भजन भी मौसम अनुसार होता है: आचार्य विजय कौशल



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह ) समालखा मे श्री श्याम** सेवा मंडल द्वारा आयोजित फाल्गुनोत्सव मे श्रीराम कथा करते हुए आचार्य विजय कौशल महाराज ने बताया कि जिस प्रकार कपडे व भोजन मौसम के अनुसार बदल जाते है ऐसे ही भगवान नाम का भजन भी मौसम अनुसार होता है। जैसे भगवान पुलिस का दरोगा हो धर्म के ठेकेदारा ने भगवान के नाम पर लोगो को डराकर पाखंड खडा रखा है। हवन यज्ञ के साथ हुआ सम्मान श्रीराम कथा के समापन पर व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य विजय कौशल ने बताया कि जब समुद्र पर सेतु बनकर तैयार हो गया और सारी वानर सेना पुल पार कर लंका पहुंच गई। श्री राम ने सभी मंत्रियों के साथ विचार-विमर्श किया ओरअंगद को दूत के रूप में लंका भेजा तो अंगद जी किसी मतवाले हाथी के समान चलते हुए रावण की सभा में पहुंचे। अंगद से रावण से पूछा कि," वानर तू कौन है? "अंगद जी ने कहा - मैं अपने प्रभु श्री राम का दूत हूं। मेरे पिता आपके मित्र थे। इस नाते मैं तुम्हारी भलाई के लिए कह रहा हूं। तुम जो माता सीता जी को हर लाए हो?। अंगद के कटु वचन सुनकर रावण कहने लगा कि," जड़ वानर तुम नहीं जानते कि मुझ से तो लोकपाल भी डरते हैं।" अंगद तुम और सुग्रीव दोनों तट के वृक्ष के समान हो। अपने भाई विभीषण को रावण ने डरपोक और जामवंत को बूढ़ा और नल-नील दोनों भाईयों को शिल्पकार बोल दिया। लेकिन उसने हनुमान जी की बड़ाई करते हुए कहा कि हां कुछ दिन पहले एक वीर बंदर आया था जिस ने लंका जलाई थी?। अंगद एक बार फिर रावण को समझाते हुए कहते हैं कि,"मैं संधि करने नहीं आया। प्रभु श्री राम कहते हैं कि सयार को मारने में सिंह की शोभा नहीं है। श्री राम के इन वचनों का स्मरण करते हुए रावण की बात सुनकर अंगद ने अपने भुजदंडो को पृथ्वी पर दे मारा। जिससे पृथ्वी हिलने लगी और रावण के सभासद पृथ्वी पर गिर पड़े। रावण भी गिरते -गिरते बचा जिससे उसके मुकुट पृथ्वी पर गिर गया। रावण जब मुकुट उठाकर अपने सिर पर धारण कर रहा था तो अंगद ने मुकुट उठाकर श्री राम के पास भेज दिया। जिससे क्रोधित होकर रावण ने कहा इस बंदर को पकड़कर मार डालो। अंगद ने रावण को श्री राम के दूत का बल दिखाने के लिए रावण की सभा में अपना पैर रोप दिया और उसे चुनौती दी कि अगर तूने मेरा चरण हटा दिया तो श्रीराम अपनी हार स्वीकार करके वापस लौट जाएंगे।

### पलवल कॉलेज में उमंग सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : राजकीय** कन्या महाविद्यालय पलवल में दो दिवसीय बसंत सांस्कृतिक महोत्सव उमंग का आज रंगारंग समापन हुआ । इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा किया गया । कार्यवाहक प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।। उन्होंने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा की कला व संस्कृति समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। संगीत साहित्य में कला मनुष्य में संवेदनाओं का निर्माण करती हैं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि नाट्य विधा में भीष्म साहनी द्वारा रचित कबीरा खड़ा बाजार में प्रथम स्थान पर रहा मोहन राकेश द्वारा रचित मलबे का मालिक दूसरे स्थान पर व धर्मवीर भारती द्वारा रचित अंधा युग तीसरे स्थान हासिल किया। हरियाणवी नृत्य में रोजी ने प्रथम स्थान हासिल किया। पंजाबी नृत्य में बीकॉम की छात्राओं निर्मलप्रीत प्रथम साक्षी ने द्वितीय व कमलप्रीत ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### थाने में युवक के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। घरौंडा थाने** के अंदर ही एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। युवक किसी मामले के संबंध में थाने में गया था। इसी दौरान करीब 20 लोगों के ग्रुप ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने बीच बचाव किया और युवक की जान बचाई। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह कल शाम किसी झगड़े के मामले में पूछताछ के लिए थाने में खड़ा था।

## अर्थशास्त्र विभाग ने किया मॉक-पार्लियामेंट का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा केन्द्रीय बजट सत्र 2025-26 के विषय को लेकर नाट्य रूपांतरण के माध्यम से मॉक-पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा लोकसभा के बजट सत्र की कार्यवाही को प्रदर्शित किया गया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह ने प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता का कार्यक्रम में पहुँचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संसदीय कार्यप्रणाली से अवगत करा लोकसभा संसद जैसी पवित्र संस्था की गरिमा का प्रदर्शन करना था। इस क्रम में छात्रों ने संसद की कार्यवाही की प्रक्रिया व सरकार एवं विपक्ष की भूमिका को जाना, जिससे विद्यार्थी संसद की कार्यवाही से परिचित होंगें। जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया की इस मॉक पार्लियामेंट में सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष की ओर से बेस्ट पर्फार्मर, बेस्ट स्पीकर एवं बेस्ट ऐक्टर का चयन किया गया। जिसमे की बेस्ट पर्फार्मर के रूप में बीए अर्थशास्त्र तृतीय वर्ष की छात्रा शिवानी एवं एमए अंतिम वर्ष से साहिल का चयन हुआ। साथ ही बेस्ट ऐक्टर के रूप में बीए एवं बीएससी तृतीय वर्ष से अंश एवं नीतीश का चयन हुआ और साथ ही बीए अर्थशास्त्र तृतीय वर्ष की छात्रा यामिनी और आदित्य का चयन बेस्ट स्पीकर के रूप में हुआ। इसके अलावा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सानिया और बीए अर्थशास्त्र द्वितीय वर्ष की छात्रा ट्विंकल एवं रूबी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। थविभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह ने बताया कि मॉक-पार्लियामेंट में संसद की अध्यक्षता और सभापति के पद की भूमिका को विद्यार्थियों ने बखूबी से निभाया।

### निर्दलीय उम्मीदवार भी दे रहे भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल** के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की लहर चल रही है। दूसरी पार्टियों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार भी भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन दे रहे हैं। करनाल नगर निगम के वार्ड नंबर 20 में आजाद प्रत्याशी पवन कुमार (चुनाव निशान साइकिल) ने अपना पूर्ण समर्थन भाजपा प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता एवं वार्ड 20 से भाजपा के पार्षद प्रत्याशी सुधीर यादव को दिया। इस अवसर पर पवन कुमार, सज्जन सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार ने भी अपने समर्थकों के साथ भाजपा में आस्था जताते हुए भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों के साथ विजयी दिलवाने का विश्वास दिलाया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। डबल इंजन की सरकार के साथ इस चुनाव में जीत दर्ज करके ट्रिपल इंजन की सरकार आम के जनहितैषी कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव करनाल जिला में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की है।

## गौमाता के दर्शन करने व अपने हाथों से चारा खिलाने से सभी कष्ट होते हैं दूर : रेनू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल नगर निगम** भाजपा मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने अपने चुनावी जनसम्पर्क अभियान के दौरान हांसी रोड, सैक्टर-9, गऊशाला रोड, सैक्टर 3, बैंक कालोनी, आनंद विहार कॉलोनी, पटेल मार्केट, आरके पुरम, माडल टाउन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जनसम्पर्क अभियान के दौरान डोर टू डोर कार्यक्रम में करनाल की होलसेल कपड़ा मार्केट में पंहुचने पर मार्केट के प्रधान योगेश भुगड़ा ने सभी दुकानदार साथियों सहित उनका फूलों की मालाओं से भव्य स्वागत करते हुए उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। मेयर प्रत्याशी रेनू बाला ने श्री कृष्ण गऊशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मात्र गौमाता के दर्शन से व उसको अपने हाथों से चारा खिलाने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मैं भी अपनी सफलता के लिए और इनकी शुभकामनाओं लेने के लिए प्रार्थना करने आई हूं। रेनू बाला ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करेगी। करनाल में एक बार फिर कमल का फूल खिलेगा और भाजपा जीत दर्ज करेगी। आज हर नागरिक भाजपा की नीतियों से संतुष्ट है और उन्हें पूरा विश्वास है तभी मेयर और सभी वार्डों में भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है, प्रदेश में अभी डबल इंजन की सरकार चल रही है और नगर निकाय चुनावों के बाद प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। गऊशाला कमेटी के सभी सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए अपना समर्थन दिया। मेयर प्रत्याशी रेणु बाला का पटेल क्लाथ मार्केट में पंहुचने पर सुखविंदर पाल मनोचा, हरीश तरीखा, रामचंद्र अरोड़ा, हितेष मनोचा, लोकेश गांधी, अतुल गुप्ता, रामचंद्र पसरीचा, सतीश अरोड़ा, परमजीत सिंह, राजकुमार सिंधवानी, कुलविंदर सचदेवा, रोहित गुम्बर, राजेश आर्य सहित अन्य दुकानदारों ने उनका स्वागत किया।

## कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के प्रतिनिधिमंडल ने किया एमएचयू का भ्रमण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी की मौजूदगी में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल और कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के बीच ग्रीन हाउस खेती में जापान की इंटरनेट ऑफ प्लांट्स (आईओपी) नामक तकनीक पर अनुसंधान के लिए एक समझौता ज्ञापन हुआ, समझौते ज्ञापन एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ओर जापान की कोच्चि विश्वविद्यालय की ओर से कोच्चि विश्वविद्यालय के प्रो. अध्यक्ष प्रो. उकेडा हिरोयूकी ने हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के बाद शनिवार को कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के प्रतिनिधिमंडल ने कोच्चि विश्वविद्यालय के प्रो. अध्यक्ष प्रो. उकेडा हिरोयूकी की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल के एमएचयू में पहुंचने पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने बागवानी महाविद्यालय का दौरा किया। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौते ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने कहा कि पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन से होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते प्राकृतिक आपदाएं, असमय ओलावृष्टि, अधिक बरसात, असमय सूखा आदि से होने वाले नुकसान की संभावना बनी रहती है। इन सबके चलते मझौले व छोटे किसानों के लिए खेती से अधिक पैदावार व अधिक आय लेना कड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी चुनौतियों के निवारण के लिए एमएचयू और कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ है। इसके तहत ग्रीन हाउस के अंदर फल, सब्जियां, फूल व मसालों वाली फसलों पर सैंसर संवेदी तकनीक, जिससे ग्रीन हाउस में तापमान, आद्रता, प्रकाश संश्लेषण आदि के वैज्ञानिक सिद्धांत पर विभिन्न फसलों के लिए इंटरनेट आफ प्लांट्स मॉड्यल तैयार किए जाएंगे।

## खुल्लर ने डीसी कैम्प कार्यालय में ली अधिकारियों की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान** सचिव राजेश खुल्लर ने शनिवार को डीसी कैम्प कार्यालय में यमुना एक्शन प्लान को लेकर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ली और इसकी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इसको लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, निगमायुक्त डॉ. पंकज यादव, एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित विभिन्न सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। राजेश खुल्लर ने कहा कि पानीपत में यमुना के पानी को पीने योग्य बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करें और धरातल पर काम कर इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर दें। उन्होंने कहा कि हम सबने पर्यावरण के साथ-साथ जल के महत्व को भी उतना ही समझना चाहिए जितना की हमारे शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता है। जल में होने वाले प्रदूषण को लेकर अधिकारी जमीनी स्तर पर काम करने में जुट जाएं। क्योंकि यमुना का पानी पीने योग्य बने इसको लेकर सभी तरह के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट आगामी सप्ताह में मुख्यालय भिजवाई जाए ताकि उस पर सरकार के दिशानिर्देशानुसार कार्य किया जा सके। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को आश्वासन दिया कि इसको लेकर निगम, सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचायती राज से जुड़े अधिकारी यमुना से लगते क्षेत्रों का दौरा कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे जिसमें सभी तकनीकी बिन्दु शामिल होंगे। इस पर गहनता के साथ विचार-विमर्श कर यह रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने कहा कि रिपोर्ट सही तथ्यों पर आधारित हो और उसमें कोई चूक नहीं होनी चाहिए। समीक्षा बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश सैनी, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार के साथ-साथ निगम के डीएमसी अरूण भार्गव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक खेल उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह ) दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल** में आज वार्षिक खेल उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। जिसमें मुख्य अतिथि देवेन्द्र कादियान गन्नौर विधायक, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा एवं उनके साथ रविन्द्र अतिल सहायक शिक्षा अधिकारी, प्रदीप कादयान सहायक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, सुरेश कादयान स्पोर्ट्स सेक्रेटरी, साहिल गुलिया सोमबीर गुलिया प्रो कबड्डी खिलाड़ी, राजकुमार मित्तन जॉइंट सेक्रेटरी अथलेटिक्स फेडरेशन, प्रदीप मलिक जनरल सेक्रेटरी अथलेटिक्स एसोसिएशनस ऑफ हरियाणा ने भारतीय तिरंगा फेहराकर विधिवत कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात वेलकम सॉन्ग के द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। उसके बाद विद्यालय के बच्चों ने शपथ ली कि स्कूल के मान सम्मान और खेलों की महिमा के लिए हम निष्पक्ष भाव से प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे और सच्ची खेल भावना से खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करेंगे। सभी सदनों के कप्तानों ने बारी-बारी से टॉर्च मैराथन में भाग लिया और शपथ ग्रहण की। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों ने 400 मीटर रेस बॉयज एंड गर्ल्स , रैबिट रेस, आपला एंड चेयर रेस, फन विद बॉल, स्लो साइकिलिंग रेस, कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने 50 मीटर रेस फॉर बॉयज एंड गर्ल्स, जुंबा डांस, कैटरपिलर रेस, कक्षा चौथी से छठी के लिए 100 मीटर रेस आदि गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और अध्यापकों ने टग ऑफ वार, बुक ऑन द टॉप रेस में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधन समिति के सदस्यों और उपस्थित अतिथियों के द्वारा विजेताओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसके परिणाम इस प्रकार से रहें। रैबिट रेस में कक्षा नर्सरी के वीर को गोल्ड मेडल, हामिश को सिल्वर मेडल, आत्मिक को ब्रॉन्ज मेडल, फन विद बॉल गेम में कक्षा एलकेजी की अश्मी, कुशल, व्योम, शावना, एवी, अंबर, अवनी को गोल्ड मेडल, हुपला एंड चेयर प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी के अभी, तृषा, शिवाय, शिवांश, अर्जुन, आरव, लव, रितुल को गोल्ड मेडल, स्लो साइकलिंग प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी और तीसरी में स्पर्श को गोल्ड मेडल तथा साथ ही कक्षा चौथी और पाँचवीं के सत्येंद्र को गोल्ड मेडल, हनी को सिल्वर मेडल, वाणी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ (बॉयज) में मानविक ने गोल्ड मेडल, हितेश ने सिल्वर मेडल और मयंक को ब्रॉन्ज मेडल और 50 मीटर रेस (गर्ल्स) में आश्वी को गोल्ड मेडल, शानवी को सिल्वर मेडल और दीप्ति ब्रॉन्ज मेडल विजेता रहीं।

## डॉ. बनवारी लाल ने किया मेयर प्रत्याशी कोमल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) शुक्रवार को शहरी** विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में पानीपत नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी के चुनाव कार्यालय का उदघाटन पानीपत नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विधायक प्रमोद विज, पूर्व मेयर अवनीत कौर भी मौजूद रहे इस अवसर पर प्रभारी डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की जबरदस्त लहर चल रही है और पानीपत के मतदाता इस बार भी भाजपा को ही नगर निगम की कमान सौंपेंगे उन्होंने पानीपत नगर निगम के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 9 मार्च को मतदान के दिन कमल का बटन दबाकर भाजपा मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी और अपने वार्ड के भाजपा प्रत्याशियों को को अपना आशीर्वाद दें। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा के नगर निगम प्रत्याशियों को हर जगह पूरा स्नेह-समर्थन मिल रहा है पूरे बहुमत से भाजपा नगर निगम के चुनाव जीतेगी और पानीपत में ट्रिपल इंजन सरकार विकास कार्यों को तेज गति से करेगी पंकज खुरसिजा वार्ड वासियों से संवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी उनकी माँ है और नगर निगम वार्ड 4 से पार्टी उम्मीदवार बनाकर पार्टी ने उन्हें जो मान-सम्मान दिया है, वह जीवन पर्यन्त उसका मान रखेंगे। उन्होंने दावा किया कि वह वार्ड की सीट जीतकर पार्टी को जीत दिलाएंगे और शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में अपना योगदान देंगे।

# उपायुक्त ने उपचुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित

**प्रशस्ति पत्र**

▶▶ उन्होंने कमचारियों के अतिरिक्त जिला के सभी सामान्य मतदाताओं का भी धन्यावाद किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने आज लोकसभा चुनाव 2024 व विधानसभा उप चुनाव में वेहतर कार्य करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया । उन्होंने बताया कि जिला में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ाने के लिए जिला को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड-2025 से




सम्मानित किया गया है और राष्ट्रीय स्तर का यह पुरूस्कार निर्वाचन कार्यो में लगी पूरी निर्वाचन टीम की अथक मेहनत, सजगता व तत्परता के बदौलत प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि यह पुरस्कार दिल्ली में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित किये गए कार्यक्रम में देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रदान किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि जिला के इतिहास में ऐसा पहली बार ही हुआ है कि लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा उप चुनाव में बेहतर कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तर पर बेहतर व उत्तम चुनाव कार्य के लिए एक साथ पुरस्कार मिला हो। उन्होंने कहा कि चुनावी कार्य में लगे प्रत्येक कर्मचारी ने अपना कार्य पूरी सजगता, लगन व निष्ठा से किया है। इस दौरान उन्होंने गत वर्ष सम्पंन चुनावों में गठित हर कमेटी के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया जिनमें समस्त नोड़ल अधिकारी, सैक्टर आफिसर व विभिन्न प्रकार की गठित की गई टीमों के आधिकारीयो व कर्मचारियों शामिल रहे। विशेष तौर पर उन्होंने मतप्रतिशतता बढाने वाली स्वीप टीम के सभी कार्यो की सराहना की।उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में जो मत प्रतिशतता 63.02 प्रतिशत थी वो लोकसभा निर्वाचन-2024 में बढकर 75.08 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार से मत प्रतिशतता में कुल 12.06 प्रतिशत का इजाफा हुआ जो कि इस जिला व विभाग के लिए एक एतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि जिला के 92 मतदान केन्द्रों में से 37 मतदान केन्द्र ऐसे पाए गए थे जिनमें 60 प्रतिशत से कम वोट प्रतिशत रहता था इन मतदान क्षेत्रों में विशेष स्वीप गतिविधियों आयोजित कर स्थानिय लोगों को मतदान के लिए प्ररित किया गया और इन सभी मतदान केन्द्रो के मतदाताओं ने चुनावी प्रक्रिया मे बढ़ चढ़ भाग लिया और इन सभी मतदान केन्द्रों में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। उन्होंने निर्वाचन कार्यो में नियुक्त कमचारियों के अतिरिक्त जिला के सभी सामान्य मतदाताओं का भी धन्यावाद किया जिन्होंने इस चुनाव बढ़ चढ़ कर लोकतंत्र को सुदृड़ करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# विद्यार्थियों को नशावृति से बचाने के लिए महाविद्यालयों में की जाए माइक्रो प्लानिंग: विधायक चन्द्रशेखर

**समारोह**

▶▶ वल्लभ कॉलेज मंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले धर्मपुर के विधायक



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :विधायक चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों को नशे से बचाने के लिए महाविद्यालयों में अभियान चलाने का आह्वान किया है। उन्होंने इसके लिए कहा कि महाविद्यालयों में माइक्रो प्लानिंग करके विद्यार्थियों के छोटे छोटे ग्रुप बनाए जाएं तथा इन ग्रुपों के माध्यम से विद्यार्थी एक दूसरे की गतिविधियों पर नजर रखें। ग्रुप के किसी विद्यार्थी की अवांछित गतिविधि को अपने प्राध्यापकों तक पहुचाएं। विधायक चंद्रशेखर शनिवार को वल्लभ महाविद्यालय मंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा युवा असामाजिक तत्वों के प्रभाव में आकर नशावृति में फंसता जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किताबें ही हमारी सच्ची दोस्त हैं।

जिन्होंने इनसे दोस्ती कर ली वह जीवन में सफल हो गए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अधिक से अधिक समय तक पुस्तकालय में अपना वक्त दें। जिसके पास सही जानकारी सबसे अधिक होगी वही जीवन में सफल होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय गंभीर जलवायु परिवर्तन से गुजर रहा है। जब मैं इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। तव वैज्ञानिक यह बताते थे कि अगर हमने जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सख्त कदम न उठाए तो आने वाले समय में गर्मी के मौसम में सर्दी होगी और सर्दी के मौसम में गर्मी होगी। आज हम इसका परिणाम भुगत रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए लिए उन्होंने सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया।

## न्यूज फ्लैश

### गोकुल बुटेल 23 फरवरी से दो दिवसीय मंडी प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी और गर्वेनेंस) गोकुल बुटेल मंडी जिला के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। 23 फरवरी को गोकुल बुटेल आईआईटी मंडी (कमांद) में आईआईटी एसोसिएशन तथा हिन्दुस्तान टाईम्स द्वारा आयोजित 'आईडिया मैटर मोस्टइ टॉक शो में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके उपरांत 24 फरवरी को वे आईआईटी, मंडी के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे।

### बिहार विस अध्यक्ष नंद किशोर से विधायक विवेक शर्मा ने की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शनिवार को प्रशिक्षण शिविर के दौरान बिहार सरकार में विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने बिहार विधान सभा की कार्यप्रणाली को समझने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में नवाचारों पर चर्चा की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच संसदीय प्रक्रियाओं और विभिन्न राज्यों में विधानसभा की कार्यप्रणाली में आए बदलावों पर विस्तृत बातचीत हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में विधायक विवेक शर्मा ने बिहार विधान सभा की कार्यप्रणाली को नजदीक से जानने की इच्छा जताई। उन्होंने बिहार में चल रहे प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर भी जानकारी ली। इस दौरान बिहार विधान सभा अध्यक्ष नंद किशोर ने उन्हें सदन की नियमावली, समितियों की भूमिका और सदन में विधेयकों की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। विस अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने बिहार विधानसभा में लागू डिजिटल सुधारों पर भी प्रकाश डाला, जिससे सदन की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी हुई है। उन्होंने बताया कि बिहार विधान सभा में ई-विधान प्रणाली लागू की गई है, जिससे सदस्यों को डिजिटल माध्यम से विधायी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते हैं और कागज की बचत होती है।

### चलेट स्कूल में कनिष्का मिस फेयरवेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलेट में कक्षा 12वीं के छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के प्रधानाचार्य बालक राम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। इसमें विद्यार्थियों ने स्कूल में बताएं अपने सुनहरे पलों को याद किया। समारोह में मिस फेयरवेल कनिष्का पुरी, मिस ग्लोरियस नीता, मिस ब्रिलिएंट सिमरन और मिस डेलिकेट ऋषिका को पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य कुलवंत धीमान, अरविंद डढ़वाल, आशीष डोगरा, मीना कुमारी, मधु, इंदु, अनु, संजीवना, वंदना व अनुप्रिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# घेरा में शून्य लागत प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा सुंदरनगर द्वारा ग्राम पंचायत टिहरी के घेरा गांव में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती व इसमें उपयोग होने वाले सभी घटकों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सुंदरनगर कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बताया। किसानों को अपनी प्राकृतिक खेती से लगाई हुई फसलों को बीमारी से बचने के लिए खट्टी लस्सी का उपयोग करना भी सिखाया।लेखराज ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शून्य लागत प्राकृतिक खेती तकनीक के अतंर्गत किसान को किसी भी प्रकार के रासायनिक और कीटनाशकों तत्वों को खरीदने की जरुरत नहीं पड़ती है और इस तकनीक में किसान केवल अपने द्वारा बनाई गई खाद का इस्तेमाल करता है, जिसके चलते किसानों को कम लागत में अच्छी पैदावार का लाभ मिलता है।शिविर में ग्राम पंचायत टिहरी के लगभग 30 किसानों ने भाग लिया।

# शिव नाम लेने मात्र से मिलते हैं अनेकों लाभ: मदन दुवार्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** :शिव शक्ति मंदिर कोटलु ब्राह्मणा में चल रही शिव महापुराण कथा में प्रवचन करते हुए कथा वाचक पंडित मदन दुवार्सा ने कहा कि शिव नाम जपने के अनेक फायदे हैं। उन्होंने कहा कि शिव नाम जपने से आध्यात्मिक मानसिक और भौतिक लाभ मिलते हैं। यह जप मन को शांत करता है। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि आती है।

शिव नाम जपने से पिछले जन्मों और इस जन्म के बुरे कर्मों का नाश होता है। शिव नाम जपने से मृत्यु के भय से छुटकारा मिलता है। हमें चलते.फिरते भी मंत्र



जाप करने से परहेज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चलते.फिरते गायत्री मंत्र, ओम नमः शिवाय और महामृत्युज्जंय मंत्र मंत्रों का जाप किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र अगर मन अशांत रहता है तो चलते फिरते या सुबह के समय गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। ओम नमः शिवाय रोजाना इस मंत्र का जाप करने से भगवान शिव की कृपा मिलती है और उनका सानिध्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस महाशिवपुराण कथा को सुनने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि आती है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान लाला मनोहर लाल महाजन सहित प्रकाश चंद धीमान, जगबीर सिंह जमवाल, रमेश कुमार शर्मा, बलदेव राज, संजय शर्मा, विद्यासागर, रामचंद्र शर्मा, अमरनाथ भारद्वाज, अनिल शर्मा, होशियार सिंह, मनजीत सिंह, पवन कुमार, बालकृष्ण गौतम, रणवीर सिंह, सुभाष ठाकुर, बालक राम धीमान, राजकुमार, राजेंद्र प्रसाद, किशोरी लाल शर्मा, प्रेमलाल शर्मा, प्रेमलाल नड्डा, रतन चंद शर्मा सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सडक सुरक्षा क्लब घुमारवीं कालेज के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** :स्वामी विवेकानन्द घुमारवीं महाविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। अन्य छात्रों और जनता की जागरूकता के लिए छात्रों द्वारा एक रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. राकेश राणा थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को स्व.अनुशासन एवं प्रेरणा से यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। सडक सुरक्षा पर सडकों की




इंजीनियरिंग, वाहनों की इंजीनियरिंग, शिक्षा, प्रवर्तन और यातायात प्रबंधन और आपातकालीन देखभाल के बारे में जागरूकता दी गई। रैली के बाद विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा प्रतिज्ञा और जलपान कराया गया। जागरूकता अभियान में संयोजक प्रो. पीसी गौतम, प्रो. राकेश चंदेल, प्रो. राकेश शर्मा, प्रो. ललित शर्मा, प्रो अनिल कुमार एवं डॉ. प्रवीण उपस्थित थे।

### कल बंद रहेगी बिजली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : 11केवी झलेड़ा फीडर के उचित रखरखाव एवं जरूरी मुरम्मत कार्य के कारण झलेड़ा फीडर में 24 फरवरी को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल ऊना के सहायक अभियंता ई. सुनील कुमार ने बताया कि इस दौरान फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों दुर्गा कॉलोनी, मलाहत, अप्पर अरनियाला, अप्पर कोटला, बरनोह, डंगोली, समूर, अप्पर अजनोली आदि में सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के अंतर्गत नपं करसोग के वार्ड नंबर पांच में स्वच्छता एवं समाधान शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर पांच पुराना बाजार में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर के तहत स्वच्छता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नगर पंचायत करसोग के सफाई मित्रों ने कूड़े को एकत्रित कर कस्बे को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।सचिव नगर पंचायत करसोग बलदेव ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता शिविर में गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा और हानिकारक कचरे को अलग रखने हेतू लोगों को जागरूक किया गया और लोगों से अनुरोध किया गया कि वह नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग रूप में सूखे व गीले कचरे को दें व प्लास्टिक को न जलाएं। शिविर में मौजूद लोगों को सिटीजन जन सेवा पोर्टल के बारे में बताया गया जिसमे ऑनलाइन बिलिंग आसान पहुंच क्यूआर कोड आधरित यूनिक कचरा आईडी, सम्पति आईडी के साथ एकीकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। शिविर में मौजूद लोगों को बताया गया कि वे प्रॉपर्टी टैक्स को नगर पंचायत कार्यलय में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें।उन्होंने बताया कि शिविर में कुल दो शिकायतें प्राप्त हुई और दोनों शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।शिविर में वार्ड नंबर एक से सदस्य चेतन शर्मा, वार्ड नंबर दो से सदस्य सुनीता गुप्ता, वार्ड नंबर चार से सदस्य सीमा गुप्ता, वार्ड नंबर पांच से सदस्य नरसिंह शर्मा, कनिष्ठ अभियंता नगर पंचायत करसोग नितेश कुमार, सामुदायिक आयोजक अनु व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विंटर कार्निवल लाहौल 2025 का जिलाधीश करेंगे शुभारंभ: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : जनजातीय जिला लाहौल स्पिति में विंटर कार्निवल 2025 का शुभारम्भ जिलाधीश राहुल कुमार करेंगे यह जानकारी उपमण्डलधिकारी (ना.) रजनीश शर्मा ने आज विंटर कार्निवल के सफल आयोजन के लिए गठित उपसमितियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी । उन्होंने बताया कि विंटर कार्निवल लाहौल का आयोजन 24 फरवरी 2025 को (केवांग) गौंधला मे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि (केवांग) गौंधला में उत्सव का आयोजन दो दिन तक किया



जाएगा।

उन्होंने कहा कि लाहौल घाटी में पर्यटन एंव स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने के उदेश्य से विंटर कार्निवल का आयोजन लाहौल घाटी के विभिन्न स्थानों तुपचलिंग में 6 मार्च, 12 या 13 मार्च को त्रिलोकीनाथ व जिस्पा में 15 मार्च को तथा समापन समारोह का आयोजन 30 मार्च को सिस्सु में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विंटर कार्निवल के आयोजन की तिथियों का निर्धारण स्थानिय जन प्रतिनिधियों की सहमति से तय किया गया है।उन्होंने बताया कि घाटी के अलग-2 स्थानों पर स्थानिय लोगों की सहभागिता से आयोजित होने बाले विंटर कार्निवल में खेल प्रेमियों, महिला मण्ड़लों व युवक मण्ड़लों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें तीरंअदाजी, बुनाई, मटका फोड़, रसाकसी, मेंहदी प्रतियोगिता, बैडमिंटन, छोलों सहित बर्फ की उपलब्धता रहने पर स्नो क्राफट व स्नो स्किंईग प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएगी। उन्होंने जल शक्ति विभाग को उत्सव के आयोजन स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

# ग्रामीण विकास विभाग और अल्ट्राटेक सीमेंट ने समझौता ज्ञापन किया हस्ताक्षरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** :राज्य में गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्रामीण विकास विभाग और अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है।इस साझेदारी के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट जिला सोलन के दाड़लाघाट के बागा में स्थित अपनी सीमेंट भट्ठी में गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे के सह-प्रसंस्करण के लिए विभाग के साथ सहयोग करेगी। यह नवोन्मेषी दृष्टिकोण पर्यावरण के अनुकूल अपशिष्ट निपटान विधियों के साथ संरेखित होगा और राज्य में पारिस्थितिक संतुलन बनाए



रखने के सरकार के मिशन में योगदान देगा।समझौता ज्ञापन स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में ग्रामीण विकास विभाग और अल्ट्राटेक सीमेंट की साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। गैर-पुनर्चक्रण योग्य कचरे के प्रसंस्करण और निपटान, पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और लैंडफिल उपयोग को कम करने के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट की उन्नत तकनीक से लाभ होगा।

प्रदेश में अंबुजा सीमेंट के प्लांट बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, सोलन और ऊना जिला के गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करेंगे। वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 29 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों को चालू कर दिया गया है और इन इकाइयों के गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे को भी सह-प्रसंस्करण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में भेजा जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक राघव शर्मा ने कहा कि यह सहयोग स्वच्छ और हरित हिमाचल प्रदेश के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ साझेदारी करके विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि गैर-पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे का पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करते हुए स्थायी समाधान के लिए उचित प्रबंधन किया जाएगा।अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिनिधि ने कहा कि उन्हें हिमाचल प्रदेश के अपशिष्ट प्रबंधन लक्ष्यों में योगदान करने पर गर्व है। यह पहल सतत विकास के प्रति अल्ट्राटेक की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# महिला मंडलों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लडने का लिया निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** :मनाली विधासभा क्षेत्र की महिलाएं अब नशे के खिलाफ लामबंद होना शुरू हो गई हैं । सरसई पंचायत के आह्वान पर पंचायत की समस्त महिला मंडलों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड? का निर्णय लिया है ।

जागृति महिला मंडल ने दशाल स्थित गौरी शंकर मंदिर के आसपास गलत कार्यों के प्रति सजग रहने का बीड़ा उठाया है । महिआओं ने एक जुट होकर देवभूमि में फैल रहे चिट्टे के खिलाफ 24 फरवरी के दिन जागरूकता रैली निकालने का फैसला



किया है । पंचायत प्रधान सरला देवी ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ एकजुट होने व पंचायत में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का आह्वान किया जाएगा । बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्य मीना ठाकुर भी महिलाओं के बीच पहुंची । उन्होंने घाटी में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर चिंता व्यक्त की । इस मौके पर रिटायर्ड डीआईजी शेर सिंह ने भी अपने विचार रखे । इस मौके पर जागृति महिला मंडल दशाल बाल गोपाल स्वं सहायता समूह सरसई, जागृति महिला मंडल भोष, देव भूमि महिला मंडल सरसेइ, गौरी शंकर महिला मंडल दशाल, खंडासनी महिला मंडल भाडका, जगती महिला मंडल भोष के प्रधान एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# देश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जल्द बनाई जाएगी राष्ट्रीय समिति: शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि देश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की एक समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति के जरिए देश के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अगर देश के किसान प्राकृतिक खेती को सही तरीके से अपनाएंगे तो निश्चित ही किसानों को ना केवल अच्छी आय होगी अपितु धरती की उपजाऊ शक्ति को भी बचाया जा सकेगा। इसके साथ ही नागरिकों को बिना दवाई और पेस्टिसाइड के सब्जियां,



अनाज और फल मिल पाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान शनिवार को दोपहर बाद गांव कैंथला में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की देखरेख में की जा रही प्राकृतिक खेती का अवलोकन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इससे पहले केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र का अवलोकन किया। यहां पर देशी नस्ल की गायों की गौशाला, गोबर गैस प्लांट, गुरुकुल के होस्टल और अन्य संस्थानों का बारीकी से अवलोकन किया और गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा.

**खाद रहित**

**इसके साथ ही नागरिकों को बिना दवाई और पेस्टिसाइड के सब्जियां, अनाज और फल मिल पाएगा**

देवव्रत ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को गुरुकुल की प्रगति और उपलब्धियों को विस्तार के साथ रखा। इसके उपरांत केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव कैंथला में की जा रही प्राकृतिक खेती का अवलोकन किया। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कैंथला प्राकृतिक खेती के फार्म हाउस पर गेहूं, गन्ने की फसल के साथ-साथ सब्जियों और फलदार पौधों को देखा और आश्चर्य चकित रह गए। इसके साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री ने गुड बनाने की प्रक्रिया को अपनी आंखों के साथ देखा और ताजे गुड का स्वाद भी चखा। इन तमाम अहम विषयों को देखने के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरुकुल के खेतों में प्राकृतिक खेती के व्यवहारिक तरीके को देखकर एक सुखद एहसास हुआ। आज के युग में कैमिकल, फर्टिलाइजर के ज्यादा प्रयोग से धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो गई है।

# प्रतापगढ़ में खंड स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 70 छात्रों ने भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रतापगढ़ में खंड स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती इंदु कौशिक के स्वागत और प्रेरक भाषण के साथ हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूरे खंड से लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्री विजय कुमार जिला गणित विशेषज्ञ और श्रीमती सुषमा व्याख्याता, उमरुद्ध पलवल ने पूरे समय प्रतियोगिता का बारीकी से अवलोकन किया और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। प्राथमिक स्तर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बिशनगढ़ की



टीम ने प्रथम व कोल्हापुर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतापगढ़ के सभी स्टाफ सदस्यों ने उचित बैठने की व्यवस्था, सभी हितधारकों को जलपान परोसने और अन्य सभी आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी निर्णायकों ने विजेता टीमों के चयन में अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाई। सभी मेंटर उत्साह से भरे हुए थे और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अंत में, छात्रों को स्कूल प्रभारी श्रीमती वंदना, श्री विजय कुमार डीएमएस और निर्णायकों की टीम द्वारा प्रशंसा / भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए।

## न्यूज फ्लैश

### "विकसित भारत: इंडिया ऑफ माय ड्रीम्स" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आई.बी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "विकसित भारत: इंडिया ऑफ माय ड्रीम्स" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के विकास की अवधारणा पर सोचने, विश्लेषण करने और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वित्य वर्ष के छात्र नितिन वर्मा ने उत्कृष्ट लेखन कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. तृतीय वर्ष की ही नेहा शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बी.एससी. द्वित्य वर्ष की पार्वती ने तीसरा स्थान हासिल किया। डॉ. जोगेश एवं डॉ. अंजलि ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई । निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के विचारों, भाषा–शैली और प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। सभी प्रतिभागियों ने "विकसित भारत" की परिकल्पना पर अपने–अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए, जिनमें आत्मनिर्भरता, तकनीकी प्रगति, स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। प्रतियोगिता के समापन पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब युवा शिक्षा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देंगे, तभी हम एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे। हमें अपने देश को हर क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे।"इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री खुशबू ने कहा, "इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने और जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब युवा न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करें, बल्कि समाज सेवा, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता को भी अपनाएं। एनएसएस के स्वयंसेवकों का उत्साह और समर्पण सराहनीय है, और यह देखना खुशी की बात है कि वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के प्रति इतने जागरूक हैं।" सर्टिफिकेट वितरण के समय डॉ. किरण मदान, डॉ. नीलम दहिया, डॉ. निधान सिंह, डॉ. सुनीता ढांडा भी मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर 40 लाख रूपए ठगने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना पुराना औद्योगिक पुलिस की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर शौदापुर गांव निवासी युवक से 40 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने के नामजद आरोपी को शुक्रवार देर शाम को काबड़ी फ्लाई ओवर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राजबीर निवासी शौदापुर के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस ने शनिवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। थाना पुराना औद्योगिक में मनीष पुत्र मदन निवासी शौदापुर ने 16 फरवरी को शिकायत देकर बताया था कि वह एक जिम में अभ्यास करने के लिए जाता था। वहा उसे गांव का ही रहने वाला राजबीर पुत्र पृथ्वी सिंह मिला। जिसने कहा कि वह उसे अमेरिका भिजवा देगा। वहा बढ़िया काम दिलाने की जिम्मेदारी भी उसकी होगी। इसके लिए 45 लाख रूपए लगेंगे। उनकी 44 लाख रूपए में बात फाइनल हो गई। जिसके चलते उसने अपनी 36 लाख रूपए की दुकान बेच दी। और 4 लाख रूपए रिश्तेदार अजय से लिए। पांच दिन बाद अक्तूबर 2024 में राजबीर घर आया और उससे पासपोर्ट व 5 लाख रूपए ले गया।

# डॉ. आशीष बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज अवार्ड से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा को चिकित्सा क्षेत्र में डायबिटीज को लेकर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए फैलोशिप इन डाइबिटीज एंड बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह अवार्ड विश्व स्तरीय संगठन इंटरनेशनल डाइबिटीज सोसायटी डायबिटीज इंडिया के तत्वावधान में गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में डायबिटीज इंडिया सोसायटी की भारत इकाई के अध्यक्ष डॉ. बंसी साबू और कई इंटरनेशनल डायबिटीज मेंबर्स द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आशीष अनेजा के सेवाभाव और डायबिटीज में रिसर्च को सराहा और फैलोशिप एंड बेस्ट डॉक्टर अवार्ड के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह अवॉर्ड लेने वाले डॉ. आशीष अनेजा हरियाणा प्रदेश से इकलौते चिकित्सक थे। गौरतलब है कि डॉ. आशीष अनेजा द्वारा कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पिछले कुछ वर्षों में कर्मचारियों तथा आमजन की स्वास्थ्य रक्षा के लिए विभिन्न स्थानों पर डाइबिटीज पर आधारित पांच सौ (500) से अधिक शिविर लगा चुके हैं जिसमें मरीजों का बीपी, ब्लड शुगर सहित स्वास्थ्य निरीक्षण करके मुफ्त दवाईयां बांटी गई। साथ ही निजी केंद्रों पर महंगी दरों पर होने वाले न्यूरोपैथी, ब्रेन

**सम्मान**

**फैलोशिप इन डाइबिटीज एंड बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज अवार्ड से सम्मानित किया गया**

एंड स्पाइनल, लीवर स्कैन, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, ईसीजी तथा कैंसर इत्यादि के टेस्ट भी निःशुल्क उपलब्ध कराए। वहीं बैक्टीरिया, वायरस जैसे रोगाणुओं पर दो पुस्तकें भी प्रकाशित की गई। अवॉर्ड मिलने पर डॉ. आशीष अनेजा ने फैलोशिप इन डायबिटीज एंड बेस्ट डॉक्टर अवार्ड मिलने के लिए सबका दिल से धन्यवाद किया।

# अलग-अलग शिक्षा के मंदिरों से मिड-डे मील व टैबलेट चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिले में चोरी की वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने अलग-थाना क्षेत्रों में स्थित शिक्षा के मंदिरों से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल में तैनात कर्मचारियों के बयान पर पुलिस ने चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मुरथल अड्डा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की अध्यापिका किरन ने पुलिस को बताया कि सुबह स्कूल की लाइब्रेरी हाल के ताले टूटे मिले।

**मुकदमा**

**स्कूल में तैनात कर्मचारियों के बयान पर पुलिस ने चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है**

जांच की तो अलमारी क्षतिग्रस्त थी। उनमें रखे 10 टैबलेट गायब थे। जिनकी कीमत करीब 1.50 लाख थे। रात को करीब तीन से चार बजे के बीच चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए।

# दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में किशोरी को भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में दोषी मानते हुए 55 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक व्यक्ति ने 14 अगस्त 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। उसकी मां भी उसी स्कूल में नौकरी करती है। उसकी बेटी को

**सजा का ऐलान**

**एक व्यक्ति ने 14 अगस्त 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी 10वीं कक्षा में पढ़ती है**

हर रोज की तरह स्कूल में छोड़कर आया था। मिड-डे मील का खाना खाने के बाद उसकी बेटी स्कूल से लापता हो गई।

अपने स्तर पर तलाश की तो जानकारी मिली कि मोहित निवासी रिटौली रोहतक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर उसे भगाकर ले गया है।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**काबू**

**पंजोखरा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 21 फरवरी 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने



निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेन्द्र कुमार उर्फ काला निवासी गाँव जटवाड़ थाना पंजोखरा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री आसिफ अली निवासी गाँव खुड्डा कलां अम्बाला छावनी जिला अम्बाला ने 27 जनवरी 2023 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसम्बर 2022 को सुभाष पार्क अम्बाला छावनी से अज्ञात आरोपी ने उसकी

# लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में ट्रांस रेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी के मेरठ-भिवानी लाइन एससी से नरेला सब-स्टेशन तक चल रहे पावर ग्रिड ट्रांसमिशन लिमिटेड प्रोजेक्ट से चोर सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्रयागराज यूपी हाल में सब्जी मंडी सांपला निवासी संतोष पांडे ने बताया कि वह कंपनी के सहायक प्रबंधक के तौर पर तैनात है। मंगलवार रात को नसीरपुर बांगर, झज्जर-झज्जर-मेरठ हाईवे के नसीरपुर बांगर गांव के पास टावर के पार्ट्स उतारे जा रहे थे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल को लेकर अधिवक्ताओं का रोष-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: न्यायालय** परिसर में बार एसोसिएशन ने बैठक कर अधिवक्ता संशोधन बिल, 2025 का विरोध किया गया। बैठक में चर्चा हुई कि अधिवक्ता संशोधन बिल का ड्राफ्ट बनाया गया है। यह बिल लागू किया गया तो अधिवक्ताओं के हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा। उन्होंने इस बिल की प्रतियां जलाई और उपायुक्त को केंद्रीय कानून मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। निवर्तमान उप प्रधान जोगिंद्र मलिक व निवर्तमान सचिव कुसुम दहिया की तरफ से शुक्रवार दोपहर को बार एसोसिएशन सोनीपत की परिसर में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें चर्चा की गई कि केंद्र सरकार की तरफ

**विरोध**

**बिल की प्रतियां जलाई और उपायुक्त को केंद्रीय कानून मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

से अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है। अधिवक्ता संशोधन बिल का ड्राफ्ट बनाया गया है। बिल पास होकर कानून में तब्दील हो जाएगा तो अधिवक्ताओं के हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगा। बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि यह कानून अधिवक्ता के व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है। इस प्रस्तावित संशोधन बिल से भविष्य में सभी बार एसोसिएशन एवं अधिवक्ताओं की मौलिक स्वतंत्रता, एकता व अखंडता को खंडित करने का प्रयास है। अधिवक्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बाद में निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में 21 से 28 फरवरी तक वर्क सस्पेंड रखा जाएगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के ड्राफ्ट की प्रतियां जलाई व न्यायिक परिसर में नारेबाजी की गई। इस दौरान उन्होंने इसे वापस लो और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल जोगिंद्र मलिक व कुसुम दहिया के नेतृत्व में उपायुक्त डॉ. मनोज यादव से मिला। उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय कानून मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिवक्ता विजय इंदौरा, अनूप दहिया, नरेंद्र बल्हारा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**एसोसिएशन वर्क सस्पेंड पर गई, अदालत में पेश होने पर लगेगा 11 हजार रुपये जुर्माना**

वर्क सस्पेंड के दौरान अगर कोई अधिवक्ता अदालत में पेश होगा तो उस पर 11 हजार रुपये जुर्माना लगाने का पत्र जारी किया गया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हुआ व्यक्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई रोहतक में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान के प्रयास कर

**हादसा**

**तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दिल्ली–पानीपत सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया**

रही है। गांव कुमासपुर निवासी कप्तान ने बताया कि वह गांव का चौकीदार है। वह गत 18 फरवरी को रात करीब दस बजे बहालगढ़ से वापस घर जा रहा था। वह सुधीर ढाबे के सामने पहुंचे। जहां दिल्ली-पानीपत साइड पर सुधीर ढाबे के सामने व्यक्ति घायल अवस्था में पाया गया।

# बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत आशीर्वाद समारोह का हुआ आयोजन


**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत एक आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि कक्षा 10 व कक्षा 12 की छात्राओं के निमित्त परीक्षाओं मे सफलता की कामना हेतु एक हवन यज्ञ रूपी पूजा कार्यक्रम रखा गया था। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि दिल लगा कर मेहनत करें। अच्छे अंक प्राप्त करें। शिक्षा एक ऐसी संपत्ति है जिसे कोई चुरा नहीं सकता। प्राचार्य ने अपने संबोधन में, बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूली जीवन व्यावहारिक



जीवन का आधार है। उन्होंने आगामी पड़ावों में निरंतर सफलता पूर्वक आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व पंडित दीपक शर्मा ने पूर्ण विधि से हवन करवाया। सभी बच्चों, स्टाफ सदस्यों व मेहमानों ने हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सुशीला देवी, सरिता शर्मा, ज्योति रानी, आलिषा अरोड़ा, मोनिका माटा, दामिनी, अनु पाहवा, पिंकी रानी, अनिता वालिया,सीमा शर्मा, सुमन धीमान, मनप्रीत वर्मा,अनुप शर्मा, मोनिका, जान्हवी व महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने किया 38वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले का अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के 28 विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प फरीदाबाद मेले का शैक्षणिक अवलोकन किया। यह जानकारी देते हुए जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में संस्थान के विद्यार्थियों ने कोर्स के अनुरूप प्रायोगिक कार्यों में प्रतिभागिता की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने फोटो निबन्ध के तहत सूरजकुंड मेले में ग्रामीण सभ्यता, लोक परम्परा एवं रीति-रिवाजों को लेकर विभिन्न



पहलुओं पर फोटो लेकर उनका विस्तृत विवरण तथा कैप्शन लिखा। इसके साथ ही साक्षात्कार में विद्यार्थियों ने मेले में आने वाले व्यापारी, कलाकारों एवं पर्यटकों का साक्षात्कार लेकर हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्टाल, मेले में भीड़, विक्रताओं की जिज्ञासा एवं अनुभव की 30 से 60 सेकेंड की शॉर्ट रील बनाने का काम किया। निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक अवलोकन में कोर्स के अनुरूप प्रायोगिक कार्य कर रहे जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आएगा तथा वे नवाचार एवं सृजनात्मकता द्वारा अपने भविष्य को सरलता से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रायोगिक कार्यों में फोटोग्राफी, फिचर लेखन,

**भ्रमण**

**रीति–रिवाजों को लेकर विभिन्न पहलुओं पर फोटो लेकर उनका विस्तृत विवरण तथा कैप्शन लिखा**

वीडियोग्राफी, कार्टून, एनिमेशन, रिपोर्टिंग, संपादकीय लेखन, कविता लेखन, फोटो कैप्शन इत्यादि सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक भ्रमणों से विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा साथ ही हरियाणवीं संस्कृति की जड़ों से अधिक से अधिक जुड़ने अवसर पर प्राप्त हुआ है। इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में संस्थान के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनव और सुनिता ने विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक अवलोकन किया।

38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में विद्यार्थियों ने 100 सौ वर्षा अधिक लालटेन, बैलो जुए, बाल्टी, कढ़ाई, बैलन, दूध दोहने वाली, हरियाणा सबसे बड़ा हुक्का, टोकनी, मटका, खेतों के कार्यों हेतु विभिन्न प्रकार की जैलिया, तांबे, पीपल के बर्तन, बैलों के घुंघरू, बैलों की नाथ, हल, दो पहिया लकडी की गाड़ी, खाट, पलंग, मूढें, हरियाणी स्टाइल के सौफा सेंट, पलंग, कुर्सियां, घप्पर, पगड़ी बंधवाओं, फोटो खिंचवाओं में प्रयर्टकों भीड़, अपण घर का आंगण, का अद्वितीय अनुभव का अवलोकन और उसे अपनी फोटोग्राफी, वीडियाग्राफी, रिपोटिंग करने का कार्य किया।

# निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर निरंतर चला रहे है स्वच्छता अभियान







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर 8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर के आदेशानुसार सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान की शुरूआत मुकुंदपुर के बी ब्लाक से की गई। इस दौरान राठौर ने कहा कि ठीक ऐसे ही अब पूरे वार्ड में समय-समय पर नियमित रूप से सफाई अभियान का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

राठौर ने बताया कि वैसे तो क्षेत्र की सफाई रखने का कार्य सरकार व उनके कर्मचारी कर ही रहे है, लेकिन सफाई को लेकर जितना दायित्व सरकार व सफाई कर्मियों का है उतनी ही जिम्मेदारी हम सभी की भी बनती है। राठौर ने बताया कि क्षेत्र के कुछ लोगों ने गलियों की नालियां तक चौक कर दी थी जिसके चलते वहां रह रहे लोगों को खासा परेशानियां होने लगी थी। इन रूकावटों को दूर करते हुए पुनः सुचारू रूप से चालू किया गया। इस मौके पर राठौर ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना है तो मेरा भी फर्ज है कि मैं भी क्षेत्र के लोगों की हर दुख तकलीफ और समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन सभी समस्याओं को तत्काल प्रभाव से निदान करूं। राठौर ने कहा कि जैसे हम लोग हमारे घरों की साफ-सफाई रखते है ठीक उसी प्रकार से हमे हमारे क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था बनाएं रखने में निगम के सफाई कर्मचारियों की मदद करनी चाहिए। क्योंकि हमारा गली-मोहल्ला व क्षेत्र भी तो हमारा ही घर है, क्योंकि जहां हम रहते है व काम करते है वो भी हमारा ही घर होता है।

उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा निरंतर रूप से क्षेत्र में दौरा किया जाता है और मैं समय-समय पर विशेष सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूं।



मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक अशोक गोयल देवराहा से उनके निवास स्थान पर जाकर पर्यावरणविद डॉक्टर विनय कंसल ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी।

## उर्दू का रिश्ता हमारी रूह से है: मुजफ्फर अली

**नई दिल्ली। इंडिया** इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद द्वारा चल रहे तीन दिवसीय विश्व उर्दू सम्मेलन के दूसरे दिन चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहला सत्र 'उर्दू शिक्षा का माध्यम' विषय पर था। इस सत्र में उद्घाटन भाषण देते हुए परिषद के निदेशक डॉ. शम्स इकबाल ने कहा कि उर्दू शिक्षा माध्यम का वर्तमान परिदृश्य कई मायनों में विचारणीय है, जिस पर हमें ध्यान देना चाहिए और वर्तमान स्थिति में सुधार के संभावित तरीकों पर विचार करना चाहिए, इसी उद्देश्य से आज यह बैठक आयोजित की गई है। मुझे उम्मीद है कि विषय के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदु सामने आएंगे।

## चक्रपाणि महाराज जी ने जगद्गुरु दुगार्चार्य साध्वी कंचन महाराज को चित्रगुप्त अखाड़ा की उपाधि प्रदान की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: महाकुंभ के** पावन अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चक्रपाणि महाराज ने विश्व विख्यात साध्वी कंचन गिरि महाराज को श्रीश्री 1008 अनंत विभूषित जगद्गुरु दुगार्चार्य साध्वी कंचन महाराज की उपाधि से विभूषित किया। इस अवसर पर चक्रपाणि महाराज ने श्री श्री 1008 अनंत विभूषित जगद्गुरु दुगार्चार्य साध्वी कंचन महाराज को चित्रगुप्त अखाड़ा की उपाधि प्रदान की। जो यह एक उच्च सम्मान माना जाता है। यह सम्मान साध्वी कंचन महाराज की आध्यात्मिक और धार्मिक सेवाओं के लिए दिया गया है। इस मौके पर श्री श्री 1008 अनंत विभूषित जगतगुरू दुगार्चार्य साध्वी कंचन महाराज ने चक्रपाणि महाराज का धन्यवाद किया। इस समारोह में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और साधू संतों ने भाग लिया और श्रीश्री 1008 अनंत विभूषित जगद्गुरु दुगार्चार्य साध्वी कंचन जी महाराज को बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह समारोह महाकुंभ के पावन अवसर पर आयोजित किया गया था, जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन है।

# कैम्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अमृत उद्यान का किया भ्रमण







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कैम्स कान्वेंट** स्कूल (सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त) कुशक न0 2 के बच्चो ने अमृत उद्यान उत्सव 2025 जो पहले मुगल गार्डन के नाम से जाना जाता था। अमृत उद्यान राष्ट्रपति भवन का मनमोहन गार्डन है, जिसमें सैकड़ो किस्म के गुलाब के फूलों के साथ-साथ तरह-तरह के रंग के अनेको प्रकार के सुंदर खुशबूदार फूलो के देखने भर से ही मन आनन्दित हो जाता है। अमृत उद्यान की विशेषता वाले जल चैनल पारम्परिक मुगल चारबाग डिजाइन से प्रेरित है। परिद्रश्य इन चैनलो से घिरा है। आज कैम्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्र छात्राओं ने अमृत उद्यान में घूमकर अच्छे-अच्छे फूलो का आनंद लिया। जब स्कूल ने बच्चो को कहा कि आपको अमृत उद्यान की सैर कराने ले जा रहे हैं तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, बच्चे खुशी से उछलने लगे। स्कूली छात्र छात्राओं ने उद्यान में घूमकर खूब आनंद उठाया व तरह-तरह के सुंदर फूलों से महकते हुए अमृत उद्यान में खूब मस्ती करते हुए सेल्फी भी ली और गुप फोटोज भी खिंचवाई। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अमृत उद्यान की प्रशंसा करते हुए बहुत खुश थे।

## आआपा सभी अनुषांगिक संगठनों का पुनर्गठन करेगी: गोपाल राय




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम आदमी** पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में सभी अनुषांगिक संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि सभी अनुषांगिक संगठनों का पुनर्गठन कर उनको और मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। पार्टी ने दिल्ली चुनाव में लोकसभा, जिला, विधानसभा और वार्ड स्तर के अनुषांगिक संगठनों के सभी पदाधिकारियों की क्या भूमिका रही है, उसका मूल्यांकन करने के लिए सभी का ऑडिट कराने का फैसला लिया है। यह ऑडिट अगले एक हफ्ते में पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में अनुषांगिक संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों ने विभिन्न विधानसभाओं में आआपा की जीत और हार के क्या प्रमुख कारण रहे, उस पर अपनी बात भी रखी। इस बैठक में पूर्वांचल विंग के अध्यक्ष अखिलेश पति त्रिपाठी, युवा विंग के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, लीगल सेल के अध्यक्ष संजीव नासियार, सनातन विंग के प्रदेश प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज, अध्यक्ष विजय शर्मा, ऑटो विंग के अध्यक्ष हैदर अली, ओबीसी विंग के अध्यक्ष रविंदर बाल्यान समेत अन्य प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री यशपाल सिंह, कमल चौधरी, अजय राजपूत और सुयोग्य राजबेला भी मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष रितुराज झा भी बैठक में उपस्थित रहे।

## एडवोकेट अमेंडमेंट बिल वापस लेने के बाद वकीलों ने हड़ताल खत्म की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: प्रस्तावित** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल को केंद्र सरकार की ओर से वापस लेने के बाद दिल्ली में वकीलों ने हड़ताल खत्म कर दी है।

कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल बार एसोसिएशंस ऑफ दिल्ली ने एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के वापस लेने के केंद्र के फैसले के बाद ये फैसला लिया है।

कोआर्डिनेशन कमेटी ने अपने बयान में कहा है कि सभी बार एसोसिएशंस के सदस्यों के सहयोग से केंद्र सरकार को प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल वापस लेना पड़ा है।

वकीलों के अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया लायर्स यूनियन के दिल्ली के राज्य सचिव सुनील कुमार ने इसे वकीलों की एकजुटता का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ड्राफ्ट बिल के जरिये वकीलों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई थी।

दिल्ली में वकील प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के विरोध में 17 फरवरी से हड़ताल पर थे। आज हड़तल के छठे दिन दिल्ली की सभी निचली अदालतों में वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया जिसकी वजह से मामले में सुनवाई नहीं हो सकी और पक्षकारों को केवल डेट ही मिली।

## माल्या ने गुणवत्ता के कारण ब्रिटेन में दिवालियापन आदेश रद्द करने की मांग की



**लंदन। कारोबारी विजय** माल्या ने ब्रिटेन की अदालत में अपने दिवालियापन आदेश को रद्द कराने के लिए नई अपील दायर की है। उनका तर्क है कि भारतीय बैंकों ने अवास्तविक दावे पेश किए हैं, खासकर जब भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में ऋण वसूली को लेकर हाल ही में बयान दिया था।

माल्या के वकील लेह क्रेस्टोहल ने बताया कि संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, बैंकों को पहले ही माल्या से संबंधित बकाया राशि से अधिक धन वापस मिल चुका है। इसी आधार पर उन्होंने दिवालियापन आदेश रद्द करने के लिए आवेदन किया है। यह मामला लंदन उच्च न्यायालय में चल रहा है, जहां न्यायाधीश एंथनी मान ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में बैंकों का एक समूह 69 वर्षीय माल्या से उनकी अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के करीब 1.05 बिलियन जीबीपी ऋण की वसूली की मांग कर रहा है। माल्या का कहना है कि नए साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत को दिवालियापन आदेश पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनके वकीलों का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्वयं भी वित्त मंत्री के संसद में दिए गए बयान को स्वीकार करेंगे। गौरतलब है कि विजय माल्या भारत में वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं और भारतीय एजेंसियां उन्हें प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही हैं।

# महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले की सुनवाई टली, 3 मार्च को सुनवाई




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के राऊज** एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है। मामले की अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी। इस मामले में गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। कुछ महिला पहलवानों के भी बयान दर्ज किए गए हैं। 26 जुलाई 2024 को कोर्ट ने मामले की जांच से जुड़े एक कांस्टेबल के बयानों को दर्ज किया। कोर्ट ने 10 मई 2024 को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने छह में से पांच महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए आरोपों पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था जबकि एक महिला पहलवान के आरोपों के मामले में बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया था। कोर्ट ने पांच महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354ए और 506 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस मामले के सह आरोपित और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 26 अप्रैल 2024 को बृजभूषण शरण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें बृजभूषण ने इस मामले की फिर से जांच की मांग की थी। 18 अप्रैल 2024 को बृजभूषण शरण सिंह की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं थे। बृजभूषण ने इस तथ्य की दिल्ली पुलिस से जांच करने का आदेश देने की मांग की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। कोर्ट ने 20 जुलाई 2023 को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को जमानत दी थी।

7 जुलाई 2023 को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

15 जून 2023 को दिल्ली पुलिस ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

**जानकारी**

**18 अप्रैल 2024 को बृजभूषण की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं थे।**

## आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना हमारा लक्ष्य : पंकज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने सांसद कमलजीत सहरावत के साथ शनिवार को राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जो भी कमियां हैं, उसको जल्द दूर किया जाएगा। आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और अस्पताल देना हमारा लक्ष्य है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक को लेकर जांच के आदेश दिए जा चुके हैं, अगले हफ्ते रिपोर्ट आने के बाद उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान योजना को पास किया है। दिल्ली में इस योजना को जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। सांसद सेहरावत ने राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 2019 से अस्पताल की एक इमारत का निर्माण शुरू हुआ, लेकिन 2025 तक यह पूर्ण नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कोई ब्लड बैंक नहीं है। अस्पताल में न वेंटिलेटर है और न ही आईसीयू बेड है। एंबुलेंस की स्थिति भी बहुत खराब है। इस अस्पताल में काफी लोग इलाज के लिए आते हैं।

# निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भोजन तलाशते गोवंश की ओर से फेरा ली नजर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी ने शनिवार को नगर पंचायत फरह और नगर पालिका कोसीकला का निरीक्षण किया। कोसीकला में निरीक्षण के दौरान ऐसा पल भी आया जब कूडे के ढेर से भेजन तलाशती बेसहारा गाय की ओर से मुहं फेर लिया। जिलाधिकारी ने चौमुंहा अंडरपास, चौमुंहा तिराहा, चौमुंहा बाजार, वेंडिंग जोन आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय उन्होंने सबसे पहले नगर पंचायत चौमुंहा में साफ सफाई व्यवस्था परखी। चौमुहां में मिली गंदगी एवं सड़क किनारे जलभराव पर अधिशासी अधिकारी से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रोस्टर बनाकर साफ सफाई



कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशानी अधिकारी को निर्देश दिए कि यदि कोई दुकानदार सफाई नहीं रखता है, तो उसे नोटिस जारी किया जाए। जिलाधिकारी ने सफाई कर्मचारियों से वार्ता की तथा निर्देश दिए कि नालियों की नियमित सफाई करे तथा नालियों की सिल्ट की सफाई भी सुनिश्चित करे। सड़कों के किनारे जलभराव की समस्याओं की दूर करे। अधिशानी अधिकारी 15 दिनों में वेंडिंग जोन में दुकानों का आवंटन सुनिश्चित करे। डीएम ने चन्द्र प्रकाश सिंह ने नगर पंचायत छाता

**स्वच्छता**

**निरीक्षण के दौरान ऐसा पल भी आया जब कूडे के ढेर से भेजन तलाशती बेसहारा गाय की ओर से मुहं फेर लिया**

का निरीक्षण किया। नगर पंचायत छाता में साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छाता में भी मिली गंदगी पर अधिशासी अधिकारी से कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने ईओ को फटकार लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत में साफ सफाई बेहतर क्यों नहीं हो रही है। नगर पालिका कोसीकलां का निरीक्षण किया। कोसीकलां में अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। ईओ को निर्देश दिए कि बेसहारा गौवंशों को पकड़कर गौशाला में लाएं। सांडों को एकत्रित कर श्रीपाद गौशाला में भिजवाएं। ईओ गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करे। उन्होंने नगर पालिका कोसीकलां में साफ सफाई की व्यवस्थाओं को देखा। कोसीकलां में भी मिली गंदगी पर ईओ से नाराजगी जाहिर की। जगह जगह खुली हुई नालियों को अस्थाई रूप से ढका जाए। जिलाधिकारी ने कस्बावासियों से उनकी समस्याएं सुनी तथा आश्वासन दिया कि सभी का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय,

# प्रधानमंत्री आदर्श गांवों में 100 प्रतिशत पात्रों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराना है कि जनपद मथुरा में प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय वृद्धावस्था, निराश्रित महिला एवं दिव्यांगजन पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन एवं आयुष्मान सम्बन्धी आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए शिविरों (कैम्पों) का आयोजन कर समस्याओं का निराकरण किया जाना है। समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित समस्त पेंशन योजनान्तर्गत एवं चिकित्सा विभाग द्वारा लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ साथ योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाये जाने हेतु प्रधान मंत्री

**निराकरण**

**शिविरों (कैम्पों) का आयोजन कर समस्याओं का निराकरण किया जाना है।**

आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों के पंचायत घर पर शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत 24 फरवरी को फरह ब्लॉक के पंचायत घर दौलतपुर फरह, महुअन, सलेमपुर फरह, कवैला बाकलपुर व रोसु जलाल में शिविर का आयोजन होगा। 27 फरवरी को बल्देव ब्लॉक के पंचायत घर अंगाई, महावन बांगर हसनपुर व खानपुर में शिविर लगाए जाएंगे। एक मार्च को चौमुंहा ब्लॉक के पंचायत घर भौगांव बांगड़ व नरी, छाता ब्लॉक के पंचायत घर कजरौत बांगर व चौधरीस बांगर तथा फरह ब्लॉक के पंचायत घर नगला अबुआ में वहीं चार मार्च को मांट ब्लॉक के पंचायत घर बिजौली बांगर, किनाराय बांगर, भद्रवन व बेगमपुर बांगर तथा गोवर्धन ब्लॉक के पंचायत घर बोरपा में होगा। छह मार्च को मथुरा ब्लॉक के पंचायत घर बाजना, जुनसुति, लाडपुर, नगला कासी व अगनपुरा में शिविरों का आयोजन होगा। 10 मार्च को मथुरा ब्लॉक के पंचायत घर बबुरी तथा नौहझील ब्लॉक के पंचायत घर मखदूमपुर बांगर, भूरेका, नबीपुर व डेडाना बैंगर में होगा। 12 मार्च को राया ब्लॉक के पंचायत घर अयेरा व नगला भरऊ में होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम द्वारा झज्झर में हृदय व न्यूरो मरीजों के लिए विशेष ओपीडी का आयोजन

**झज्झर ।** मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम द्वारा झज्झर के निवासियों को सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 28 फरवरी, 2025 को विशेष कार्डियो एवं न्यूरो ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है। इस ओपीडी में डॉ. दीक्षित गर्ग और डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा मरीजों को परामर्श देंगे। यह ओपीडी मेडिकेयर सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, झज्झर, हरियाणा में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच लगाया जाएगा। इस अभियान द्वारा हॉस्पिटल का उद्देश्य स्थानीय लोगों को हृदय और न्यूरो बीमारियों के निदान, इलाज और नियंत्रण के लिए विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करना है।डॉ. दीक्षित गर्ग, कंसल्टेंट एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, भारत में हृदयाघात के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ रहे हैं। युवाओं में बढ़ते इन मामलों ने जनस्वास्थ्य को एक बड़ी चुनौती पेश कर दी है। इसलिए हृदय को स्वस्थ रखने और किसी भी गंभीर बीमारी से बचने के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य जाँच कराते रहना बहुत आवश्यक है। अगर उच्च कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, और हाईपरटेंशन का निदान समय पर हो जाता है, तो स्थिति गंभीर होने से पहले ही उन्हें नियंत्रित किया जा सकता है। अगर बीमारी बढ़ जाए, तो कोरोनरी एंजियोप्लास्टी या बायपास सर्जरी जैसे इलाजों की जरूरत पड़ सकती है। हालाँकि बीमारी को समय पर नियंत्रित करके और जीवनशैली में परिवर्तन लाकर लंबे समय तक स्वस्थ रहा जा सकता है।डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा, कंसल्टेंट – न्यूरोसर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, मरीजों में ब्रेन ट्यूमर गंभीर रूप लेता जा रहा है, जो चिंताजनक है। यह अनेक कारणों से हो सकता है, जिनमें क्रोनिक तनाव, खराब जीवनशैली, स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना, और डॉक्टर को दिखाने में विलंब करना शामिल है। इसलिए ऐसे जटिल मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिनके लिए आधुनिक इलाज और सर्जरी की जरूरत पड़ती है। ट्यूमर का निदान समय पर हो जाने से एंडोस्कोपिक ब्रेन सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीकों द्वारा न केवल सर्जरी में परिणामों में सुधार किया जा सकता है, बल्कि मरीज को जल्दी स्वस्थ बनाकर उन्हें एक बेहतर जीवन प्रदान किया जा सकता है।झज्झर में नियमित ओपीडी के साथ मणिपाल हॉस्पिटल गुरुग्राम का उद्देश्य लोगों को उच्च गुणवत्ता की मेडिकल सेवाएं उनके नजदीक ही प्रदान करना है ताकि उन्हें इलाज के लिए दूर न जाना पड़े। मणिपाल हॉस्पिटल में हैल्थकेयर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस है, जहाँ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत केयर प्रदान की जाती है।

### जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन को मिला 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' का पुरस्कार

**गुरुग्राम ।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स में प्रतिष्ठित 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति




पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है। यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवाड्र्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

## बीडीओ ने किया पेंठा गौशाला का निरीक्षण

**गोवर्धन।** नवागत खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत ने शनिवार को गांव पेंठा में स्थित वृहद गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया डीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने साफ सफाई व खरंजा निर्माण के आदेश दिए थे। निरीक्षण में पाया कैमरे लगवाए जा चुके हैं साफ सफाई हो रही है। खरंजा रह गया है। बीडीओ ने गायों के खाने-पीने साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को चौक कर गौ वंशों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो के निर्देश अधीनस्थों को दिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही गौशाला में खरंजा लगवाए जाने के निर्देश ग्राम प्रधान व सचिव को दिए हैं।

# संयुक्त जिला अस्पताल की लाइन में लगे डीएम, व्यवस्था की ली टोह

**निरीक्षण**

**जिलाधिकारी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन का औचक निरीक्षण किया**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी टोह ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन (सौ सैय्या अस्पताल वृंदावन) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आम नागरिक की तरह लाइन में लग कर पूछताछ खिड़की पर पर्चा बनवाया। इसके बाद अस्पताल स्टाफ के बारे में





जानकारी ली। अस्पताल में विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनआरसी सेंटर का भ्रमण कर कुपोषित बच्चों का हाल चाल जाना। एनआरसी में माताओं से खान, पानी, दवा आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने माताओं से कहा कि अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें। अस्पताल में संचालित रसोई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने सब्जी, दाल, चावल आदि की गुणवत्ता को परखा। परखने पर जिलाधिकारी को गुणवत्ता सही नहीं मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खाना की गुणवत्ता में सुधार लाएं। सुधार न करने पर ब्लैक लिस्ट करके प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने अस्पताल में रखे हुए सभी रजिस्टरों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट साफ सफाई के निर्देश दिए। मरीजों के परिजनों के लिए बैठने, पेजयल, शौचालय आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

# फरह थाने पर समाधान दिवस में एसपी सुरक्षा रहे मौजूद

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** पुलिस अधीक्षक सुरक्षा आईपीएस बीबी चौरसिया ने थाने पहुंचकर समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुनीं। निस्तारण के दिशा निर्देश दिए। शनिवार को थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईपीएस बीबी चौरसिया पुलिस अधीक्षक सुरक्षा ने थाने पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की। आईपीएस, बीबी चौरसिया शिकायतकताओं की समस्या को सुनकर संबंधित विभाग को उसके समाधान के निर्देश दिए। पूर्व में आई कुछ भूमि विवाद की शिकायतें जिनका निस्तारण नहीं हो पाया है। उनके समाधान के लिए कहा



गया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में पहुंचने वाले फरियादियों की समस्या का जल्द से निपटारा करा दिया जाए। समाधान दिवस के संबंध में थाना क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने की भी निर्देश दिए गए। इस मोके पर थाना प्रभारी संजय पांडेय, अपराध निरीक्षक यशपाल, एस,एस,आई सुभाष चन्द्र, एस आई नितिन सहित तेवतीतिया, अमित चौहान, राज वर्मा,तेजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## राजातालाब पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंग लीडर को दबोचा

**वाराणसी।** राजातालाब और मिजार्मुराद पुलिस ने संयुक्त अभियान में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी अपराधिक गिरोह के सरगना को चंदापुर बाजार गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पचाई थाना राजातालाब निवासी बदमाश के खिलाफ शिवपुर, रोहनिया, राजातालाब थाने में अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। शनिवार को पुलिस उपायुक्त गोमती जोन ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में एसीपी राजातालाब के अगुवाई में राजातालाब व मिजार्मुराद पुलिस गश्त के लिए निकली थी। सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने इनामिया गैंग लीडर को गिरफ्तार कर लिया।

# शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में 15 फरवरी को हुई महिला पूजा लोधी की हत्या के मामले फरार चल रहे उसके प्रेमी सूरज यादव को गिरफ्तार कर लिया है। शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने दुपट्टे से गला कसकर प्रेमिका की हत्या की थी। थाना प्रभारी अरविंद राणा ने बताया कि पूजा लोधी का पांच साल से प्रेम प्रसंग सूरज से चल रहा था। चुंकि पूजा शादीशुदा होने के चलते पति दिनेश द्वारा प्रताड़ित किये जाने से उसकी नजदीकियां सूरज की ओर ज्यादा बढ़ गई। उसने पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर दो साल पहले ही किराये के मकान में आकर रहने लगी थी। दिन में वह काम करके अपने मकान में रुकती और रात होने पर मायके घसियारी मोहल्ला चली जाती थी। उसी कमरे में सूरज पूजा से मिलने जाता था और बर्थ-डे व पार्टियां भी मनाते थे। वे एक-दूसरे से प्रेम करने लगे थे। क्षेत्रीय लोगों को पति-पत्नी बता

**काबू**

**महिला पूजा लोधी की हत्या के मामले फरार चल रहे उसके प्रेमी सूरज यादव को गिरफ्तार कर लिया है**

रखा था इसलिए उन पर कोई शक भी नहीं करता था। आरोपित ने बताया कि कुछ दिनों से पूजा दबाव बना रही थी कि उससे शादी कर ले। घटना वाले दिन दोनों कमरे में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान उसने कहा कि अगर वो शादी नहीं करेगा तो उसे फंसवा देगी। दोनों में कहासुनी होने के दौरान गुस्सा आने पर दुपट्टे से गला कसकर पूजा को मार डाला। वह पुलिस से बचने के लिए प्रेमिका की स्कूटी से रिश्तेदारों में घूमता रहा। वह कोर्ट में सरेंडर करने के लिए गया, लेकिन हड़ताल होने की वजह से भी कोशिश की।

# होंडा ने यूएनआरएसएफ के साथ साझेदारी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल ।** **होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड यातायात** दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के लिए वैश्विक पहलों में योगदान देने के लिए यूएनआरएसएफ के साथ साझेदारी करने वाली पहली ऑटोमोबाइल निमार्ता बन गई है, जिसमें 5 वर्षों में 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पूर्व घोषित प्रतिबद्धता भी शामिल है। होंडा ने सुरक्षा प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और सुरक्षित ड्राइविंग/राइडिंग को बढ़ावा देने के अपने लंबे इतिहास के दौरान जो ज्ञान और जानकारी एकत्र की है, उसे यूएनआरएसएफ के वैश्विक नेटवर्क के साथ जोड़कर, होंडा और




यूएनआरएसएफ यातायात दुर्घटनाओं के विश्लेषण और विभिन्न देशों की सड़क सुरक्षा नीतियों का समर्थन करेंगे। सड़क पर चलने वाले सभी लोगों के लिए टकराव-मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए प्रयासरत, होंडा ने अपने वैश्विक सुरक्षा नारे हर किसी के लिए सुरक्षा के तहत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों ही दृष्टिकोणों से सुरक्षा पहलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। होंडा 2050 तक दुनिया भर में होंडा मोटरसाइकिलों और ऑटोमोबाइल से जुड़ी यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को शून्य करने का प्रयास कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक दुर्घटनाओं में 50% की कमी लाना है। इस साझेदारी में, होंडा और यूएनआरएसएफ दो प्रमुख क्षेत्रों - यातायात टक्कर विश्लेषण और सड़क सुरक्षा नीतियों के लिए समर्थन - पर ध्यान केंद्रित करेंगे और दुनिया भर के विभिन्न देशों के साथ मिलकर यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को कम करने में योगदान देंगे। इसके अलावा, उभरते देशों में मोटरसाइकिलों से जुड़ी यातायात टक्कर से होने वाली मौतों को कम करने का प्रयास करते हुए, जो दुनिया भर में यातायात टक्कर से होने वाली मौतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं

# मथुरा में दूध नहीं स्किम्ड पाउडर, रिफाइंड पामोलीन ऑयल तैयार हो रहा पनीर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** आगामी त्योहार शिवरात्रि एवं होली पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए सहायक आयुक्त (खाद्य) धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ निषादराज तिराहा, नौहझील पर संचालित बांके बिहारी डेयरी पर छापा डाला गया। छापामार कार्यवाही के दौरान प्रतिष्ठान में स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का प्रयोग कर पनीर का निर्माण करते हुए पाया गया। बांके बिहारी डेयरी से पनीर, घी, स्किम्ड मिल्क



पाउडर एवं रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का एक एक नमूना संग्रहित किया गया तथा पनीर निर्माण में प्रयुक्त किये जा रहे अपमिश्रक लगभग 26 000 रुपए मूल्य का 163 किलोग्राम स्किम्ड मिल्क पाउडर, 45,000 रुपए मूल्य का 238 किलोग्राम रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल एवं 66 000 रुपए मूल्य का 120 किलोग्राम घी को मौके पर सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सौंपा गया। डेयरी के परिसर में बिक्री के लिए भंडारित लगभग 90 किलोग्राम दूषित पनीर को मौके पर गड्ढा खुदवा कर नष्ट कराया गया। बांके

**जांच**

**स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं रिफाइण्ड पामोलीन ऑयल का प्रयोग कर पनीर का निर्माण करते हुए पाया गया**

बिहारी डेयरी को जारी खाद्य अनुज्ञप्ति को निलम्बित कर खाद्य कारोबार पर रोक लगा दी गयी है। पारसौली रोड, बाजना स्थित ऋषि डेयरी से भी पनीर का एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचलदल में राम नरेश, धर्मेन्द्र सिंह एवं भरत सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। मथुरा शहर के कृष्णा नगर क्षेत्र से अरहर दाल का एक नमूना एवं भूतेश्वर तिराहा से बूंदी के लड्डू का एक नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण राणा द्वारा संग्रहित किया गया। सभी सात खाद्य नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि के उपरान्त सम्बन्धित खाद्य कारोबार कताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। समस्त डेयरी संचालकों, विनिमार्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि डेयरी उत्पादों के निर्माण में शुद्ध व गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का प्रयोग कर स्वच्छ तथा स्वास्थ्यकर दशाओं में ही खाद्य पदार्थ का निर्माण करें।

# जावा ने लॉन्च किया जावा 350 लिगेसी संस्करण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा ।** एक साल पहले, जावा 350 ने भारत में क्लासिक मोटरसाइकिलिंग की चिंगारी को फिर से जगाया, जिसमें आधुनिक इंजीनियरिंग के साथ टाइमलेस एलिगेंस का मिश्रण था। भारतीय सड़कों पर एक साल पूरा होने पर, जावा येजदी मोटरसाइकिल्स जावा 350 लिगेसी एडिशन के साथ इस उपलब्धि का जश्न मना रही है। यह विशेष संस्करण पहले 500 ग्राहकों के लिए रिजर्व है। जावा 350 लिगेसी एडिशन में खास फीचर दिए गए हैं, जैसे टूरिंग वाइजर जो हवा को आसानी से पार करने में मदद करता है, दो लोगों के बैठने पर आरामदायक पिलियन बैकरेस्ट, अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने वाला प्रीमियम




क्रैश गार्ड, सुरक्षा और स्टाइल दोनों को बढ़ाता है। इस एडिशन में प्रीमियम लेदर कीचेन और कलेक्टर एडिशन जावा मिनिएचर भी शामिल है। क्लासिक लीजेंड्स के मुख्य व्यवसाय अधिकारी शरद अग्रवाल ने कहा, "पिछले साल जावा 350 के लॉन्च के बाद से ही मोटरसाइकिल को हमारे ग्राहकों और राइडिंग समुदाय द्वारा समान रूप से पसंद किया जा रहा है। जावा 350 कालातीत डिजाइन और आधुनिक प्रदर्शन का सही संतुलन दर्शाता है, जो पीढ़ियों से जावा को परिभाषित करने वाली विरासत के प्रति सच्चा है। इसकी सबसे उल्लेखनीय विशेषताओं में से एक है इसका गोल्डन रेशियो का पालन करना – एक डिजाइन सिद्धांत जो सौंदर्यशास्त्र और सवारी की गतिशीलता दोनों के लिए सही अनुपात सुनिश्चित करता है, ठीक वैसे ही जैसे पुराने जमाने की प्रसिद्ध जावा।

लेगेसी एडिशन के साथ, हम राइडर्स को और भी अधिक इमर्सिव अनुभव प्रदान कर रहे हैं – बेहतर आराम, बढ़ी हुई सुरक्षा और अतिरिक्त ग्लैमर का एक स्पर्श जो इस मील के पत्थर के जश्न को वास्तव में खास बनाता है।"

# लखीमपुर की धरती सोना उगलती है: सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी को दी विकास की सौगात

**शिलान्यास**

▸▸ सीएम योगी ने 1622 करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखीमपुर खीरी/लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 1622करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यहां की उर्वरा धरती सोना उगलती है।

**बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रही है सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तो लखीमपुर खीरी विकास में बहुत पीछे थे। मलेरिया यहां भय का प्रतीक होता था। दूधवा नेशनल पार्क था, लेकिन वहां पहुंचने का साधन नहीं थे। अब पलिया में एयर स्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पैसा भी दिया गया है। सरकार यहां के बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसके लिए बाढ़ बचाओ के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने या नदी को चैनलाइज करने की कार्रवाई होगी। इसमें एनजीटी या किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी। डबल इंजन सरकार यहां स्प्रिचुअल, ईको टूरिज्म समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़े जनपदों में शामिल लखीमपुर खीरी की अत्यंत उर्वरा धरती सोना उगलती है।

**सीएम ने जनप्रतिनिधियों को दिया लखीमपुर के विकास का श्रेय**

**मुख्यमंत्री** ने कहाकि यहां के हर जनप्रतिनिधि विकास की योजनाओं से जुड़े हैं। अनवरत विकास के पथ पर अग्रसर इस जनपद में योग्य जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में जनता की बुनियादी सुविधाएं, रोजगार की उपलब्धता, विकास की नई परियोजनाओं को तेज गति से बढ़ाया जा रहा है। कोई मेडिकल कॉलेज, कोई एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकास करने, कोई दूधवा नेशनल पार्क को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने, कोई पीएलए प्लांट लाने, कोई गोला गोकर्णनाथ के व्यवस्थित कॉरिडोर के निर्माण-विकास, रोजगार के सृजन तो कोई कनेक्टिविटी को लेकर उत्साहित भाव के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा रहा है।

**लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है। आज इस जनपद में लगभग 4500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है। इसमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर का कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल लिमिडेट द्वारा लगाया गया देश का पहला पीएलए प्लांट (बायो प्लास्टिक निर्माण) भी शामिल है। कुम्भी में 2850 करोड़ के प्लास्टिक प्लांट का भी शिलान्यास करके यहां आया हूं। आज लखीमपुर के पास केवल दूधवा नेशनल पार्क ही नहीं, बल्कि यहां मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ भी किया जा रहा है। विकास की ढेर सारी परियोजनाएं लखीमपुर खीरी के लोगों के जीवन को सुगम बनाएगी और रोजगार सृजन भी करेगी। यह सब मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार के सहयोग व जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हुआ है।

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने संगम में किया पुण्य स्नान

**विशेष प्रार्थना**

▸▸ महाकुम्भ पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है, रवि ने सम्पूर्ण राष्ट्र के कल्याण के लिए की विशेष प्रार्थना



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर:** महाकुम्भ के पावन अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने शनिवार को संगम में पवित्र स्नान कर महापर्व की आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। उन्होंने तमिलनाडु की सुख-समृद्धि के साथ साथ सम्पूर्ण राष्ट्र के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र है। जो एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सुदृढ़ करता है। राज्यपाल ने महाकुम्भ को सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति बताते हुए कहा कि यह पर्व भारत की अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा इसकी सनातन परंपरा में बसती है। महाकुम्भ उस परंपरा का ऐसा प्रतीक है जो पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है।

**60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी**

महाकुम्भ के महापर्व में अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह संख्या महाकुम्भ की दिव्यता और जन-जन की आस्था का जीवंत प्रमाण है। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व न केवल आत्मिक शुद्धि का अवसर है, बल्कि विश्व कल्याण की भावना को भी मजबूत करता है। राज्यपाल आर.एन. रवि ने कहा कि महाकुम्भ भारत की गहराई से जुड़ी आध्यात्मिक चेतना को प्रकट करता है।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने में में रेलवे की अग्रणी भूमिका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आस्था के महासागर प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया, लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निसंदेह अग्रणी है। इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकार्ड भी बना है। हालांकि महाकुंभ अब समापन की ओर है, लेकिन एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ कही ना कन्ही उठाया। दूसरे शब्दों में महाकुंभ के करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या अगल बगल के प्रमुख शहरों तक पहुंचने में ट्रेनों की ही मदद ली। इस बार प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ को दौरान भीड़ बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं।

यह आंकड़ा थोड़ा विस्मित भी करता है कि महाकुंभ की शुरूआत से लेकर अब तक 13,667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनों की सुरुअत कुंभ एरिया से हुई, एवं 2008 ट्रेनों कुंभ एरिया बाहर से आयी, बाकी 8,211 नियमित ट्रेनें थीं। शहर में प्रयागराज समेत कुल नौ स्टेशन हैं, जहां ट्रेनों का आवागमन हुआ। अकेले प्रयागराज स्टेशन पर ही पांच हजार ट्रेनें का लाभ श्रद्धालुओं को मिला । प्रयागराज एरिया के किस स्टेशन से कितनी ट्रेनों की सुभिधा मिली ( इसमें कुछ ट्रेन्स कई स्टेशनों पे रुक कर श्रद्धालुओं को ले कर चली

# प्रेमचंद ने पहाड़ को लेकर की गई टिप्पणी पर मांगी माफी



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। उत्तराखंड वि**धानसभा सत्र के चौथे दिन संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की पहाड़ को लेकर की गई टिप्पणी एक बार फिर चर्चा में रही। बढ़ते विवाद के बीच अग्रवाल ने सदन में माफी मांगते हुए खेद प्रकट किया। प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में रहने वाले सभी लोग उनका परिवार हैं और परिवार के लोगों के समक्ष अनजाने में कही गई बात के लिए खेद जताने में उन्हें कोई संकोच नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बात को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मेरे बयान को कुछ लोग गलत तरीके से तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। मैंने कहा था कि सारे उत्तराखंड में देश के सभी हिस्सों के लोग रहते हैं। हम सभी उत्तराखंड के हैं और उत्तराखंड हमारा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हमारे हृदय में समाया है। मैंने सारे उत्तराखंड की बात की थी। कहा कि मेरा उद्देश्य और कथन का आशय यह था कि उत्तराखंड एक गुलदस्ता है, जिसमें हर तरह के रंग बिरंगे फूल इसकी खूबसूरती हैं।



H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925